हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## गांवों में उतरा सीएम का उड़नखटोला

**ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**



- सीएम ने 66.99 करोड़ रुपए की लागत के 87 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास
- रामानुजनगर में मिनी स्टेडियम, पटना में स्कूल भवन और सूरजपुर में पॉलिटेक्निक की बाउंड्रीवाल
- डुमरिया एनएच-43 से केवरा तक 20 किलोमीटर लंबाई की पुल-पुलिया सहित मार्ग चौड़ीकरण परियोजना

सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी जिले का औचक दौरा कर मुख्यमंत्री ने योजनाओं की हकीकत का किया मुआयना



- पानी संकट पर कहा- समस्या का समाधान हर हाल में हो, अन्यथा कलेक्टर होंगे जिम्मेदार

# चौपाल में सुनीं समस्याएं, बैठक में खामियों पर सौम्य साय के कड़े तेवर, दो अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर/ सूरजपुर

सुशासन तिहार के बीच 21 मई को दोपहर बाद करीब 4 बजे कोरिया जिले के सोनहत ब्लॉक के ग्राम कुशहा में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का उड़नखटोला उतरा। यहां औचक निरीक्षण के दौरान सीएम ने सीधे ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। सीएम साय ने चिरमिरी में जिलों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कोरिया जिले में किसानों को खाद वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आने पर सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं आयुष प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इसी तरह कोरिया जिले की जिल्दा समिति, खड़गंवा में खाद वितरण से जुड़े गबन प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई में लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी कोरिया कल्लु प्रसाद मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ग्राम कुशहा में आम और पीपल के पेड़ों की छांव में आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन का वर्चुअल शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने सूरजपुर में पांच करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सिटी स्कैन मशीन का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक सीटी स्कैन सुविधा सूरजपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। सीटी स्कैन सुविधा प्रारंभ होने से सूरजपुर जिले की लगभग 9 लाख 11 हजार ▶▶| शेष पेज 7 पर

### स्कूल परिणाम से खफा, खाद्य वितरण में गड़बड़ी पर एक्शन

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार के दौरान सूरजपुर, कोरिया और एमसीबी जिले का औचक दौरा कर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का मुआयाना किया। इसके बाद चिरमिरी में जिलों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। सौम्य साय ने बैठक में सख्त तेवर दिखाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में तीनों जिलों के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या और स्कूली परीक्षा परिणाम की स्थिति को लेकर एक ओर जहां गहरी नाराजगी जताई। कोरिया जिले में किसानों को खाद वितरण में गड़बड़ी का मामला सामने आने पर सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं आयुष प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कोरिया जिले की जिल्दा समिति, खड़गंवा में खाद वितरण से जुड़े गबन प्रकरण में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई में लापरवाही पाए जाने पर प्रभारी शाखा प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी कोरिया कल्लु प्रसाद मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री साय का सूरजपुर जिले के ग्राम रामपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण* ▶▶| शेष पेज 7 पर

# झारखंड में 27 नक्सलियों का सरेंडर छत्तीसगढ़ में दो कमांडरों की तलाश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/रांची

झारखंड में नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की ओर से आज एक बड़ा कदम उठाया गया है। झारखंड में 'ऑपरेशन नवजीवन' को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां 27 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। इस तरह से प्रदेश में अब नक्सलवाद लगभग खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। यह बताना लाजिमी है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है, लेकिन दो टॉप लीडर की अभी भी तालाश की जा रही है। यहां थोक में सरेंडर हुए हैं। खबर के अनुसार झारखंड में नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

खास खबर

### बच्चे के साथ महिला ने किया समर्पण

नक्सलियों ने हथियारों और गोलियों के साथ आत्मसमर्पण किया है। इनमें कई महिला नक्सली भी शामिल हैं। एक महिला नक्सली जब आमत्समर्पण के लिए आई तो उनके गोद में एक साल से भी छोटा बच्चा था। झारखंड में नक्सलवाद अंतिम सांस ले रहा है।

### 1 करोड़ के इनामी मिसिर के करीबियों ने भी छोड़े हथियार

झारखंड का सबसे कुख्यात माने जाने वाला नक्सली मिसिर बेसरा ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। इस पर 1 करोड़ का इनाम है। हालांकि सरेंडर करने वालों में 25 केंद्रीय कमेटी के सदस्य हैं। इनमें बेसरा और असीम मंडल की टीम के टॉप कमांडर और मारक दस्ता के सदस्य हैं। बताया जा रहा है कि ये आतंकी कोल्हान ▶▶| शेष पेज 7 पर

### छत्तीसगढ़ में टॉप लीडर गणपति व मिसिर की तलाश

नक्सल संगठन के टॉप लीडर गणपति व मिसिर बेसरा के लोकेशन एवं पहचान सुनिश्चित कर उन तक पहुंचने के लिए सुरक्षा एजेंसियां रणनीति बना रही हैं। वर्तमान में नक्सल संगठन में गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ मुपल्ला लक्ष्मण राव पोलित ब्यूरो मेंबर व सलाहकार सेण्ट्रल कमेटी तथा मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर ▶▶| शेष पेज 7 पर

# पुलवामा अटैक का मास्टरमाइंड हमजा मारा गया, धुरंधर स्टाइल में हुआ मर्डर

**पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी। यह घटना मुजफ्फराबाद में फिल्म धुरंधर स्टाइल में हुई, जहां उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं। गोलियों से छलनी आतंकी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। भारत ने 2022 में हमजा बुरहान को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी था।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। साल 2019 में भारत को दहलाने वाले पुलवामा आत्मघाती आतंकी हमले के मास्टरमाइंड और अल-बद्र के कमांडर हमजा बुरहान उर्फ 'डॉक्टर' की अज्ञात शूटरों ने सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद सीमा पार हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि हमजा बुरहान लंबे समय से भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की हिटलिस्ट में था और साल 2022 में भारत सरकार ने उसे आधिकारिक तौर पर आतंकवादी घोषित किया था।

मुजफ्फराबाद में हुई इस वारदात के बाद स्थानीय पुलिस और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। हमलावरों की तलाश में सघन चेकिंग ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुलवामा में शहीद हुए थे 40 जवान

पुलवामा आतंकी हमला भारत के सबसे घातक हमलों में से एक था। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ जवानों के काफिले पर हमला किया गया था। लेथपोरा क्षेत्र में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन के साथ बस को टक्कर मार दी थी, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। यह हमला जैश-ए-मोहम्मद ने किया था।

- हमजा कश्मीर का रहने वाला, वीजा पर गया था पाकिस्तान
- पुलिस और आईएसआई ने पूरे इलाके को छावनी में बदला



### मोस्ट वांटेड आतंकवादी हमजा

हमजा बुरहान को 2022 में भारत सरकार ने आतंकवादी घोषित किया था और कहा था, अरजुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डॉक्टर, उम्र 23 वर्ष, खारबतपोरा, रत्नीपोरा, पुलवामा का निवासी है। अल-बद्र आतंकी संगठन का सहयोगी सदस्य है, जिसे यूएपीए के तहत प्रतिबंधित किया गया है।

### सोशल मीडिया से लेकर रक्षा गलियारों तक तीखी प्रतिक्रियाएं

यह खबर सामने आते ही सोशल मीडिया से लेकर रक्षा गलियारों में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। भारतीय नेटिजन्स इसे पुलवामा के शहीदों के लिए 'ईश्वरीय न्याय' बता रहे हैं।

### भारतीय एजेंसियां अलर्ट

अब हमजा बुरहान की मौत की खबर सामने आने के बाद पुलवामा हमले से जुड़े नेटवर्क पर फिर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान की ओर से इस मामले में कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि पुलवामा हमले के कई गुनहगार अब भी खुले घूम रहे हैं। भारत की जांच एजेंसियां लगातार इन आतंकियों और उनके नेटवर्क पर नजर बनाए हुए हैं।

### पाकिस्तान में सीक्रेट किलर ने इनका किया खात्मा

- लश्कर आतंकी फैजल नदीम उर्फ अबु कताल, मार्च 2025
- लश्कर-ए-तैयबा की राजनीतिक शाखा का चीफ मौलाना काशिफ अली, फरवरी 2025
- आईएसआई का अंडरकवर एजेंट मुफ्ती शाह मीर, मार्च 2025
- आतंकी मसूद अजहर का करीबी रहीम उल्लाह तारिक, नवंबर 2023
- लश्कर आतंकी अकरम गाजी, नवंबर 2023
- लश्कर का आतंकी ख्वाजा शाहिद, नवंबर 2023
- लश्कर आतंकी मौलाना जियाउर रहमान, सितम्बर 2023
- मसूद अजहर का करीबी कारी एजाज आबिद, अप्रैल 2025

## खबर संक्षेप

### भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन स्थगित

**नई दिल्ली।** भारत और अफ्रीकी संघ ने राष्ट्रीय राजधानी में 28 से 31 मई के बीच आयोजित होने वाले भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन को स्थगित करने का फैसला किया है। शिखर सम्मेलन को स्थगित करने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है, लेकिन यह जानकारी मिली है कि अफ्रीका में इबोला वायरस के फैलने के कारण यह निर्णय लिया गया है।

### एसबीआई कर्मियों की 25 से दो दिवसीय हड़ताल

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति सहित विभिन्न मांगों को लेकर 25 मई से दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की चेतावनी दी है। एसबीआई के कर्मचारी यह हड़ताल अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी महासंघ के तहत करेंगे। यदि हड़ताल होती है, तो इससे भारतीय स्टेट बैंक के बैंकिंग कार्यों पर पांच दिनों तक असर पड़ेगा।

### खेत पर पलट गई बस बच्चे समेत तीन की मौत

**गढ़चिरौली।** गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की एक बस पलट जाने से सात महीने के एक बच्चे समेत तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि 33 अन्य घायल हो गए। एचंद्रपुर रोड पर नवेगांव-मुरखाला के पास सुबह करीब 7:30 बजे एक तीक्ष्ण मोड़ पर चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद वह (बस) लोहे के बैरीकेड से टकराई।

**कलेक्टर ने लिया एक्शन**

## यूरिया आवंटन में गड़बड़ी, दो कृषि विकास अधिकारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दुकानों को खाद आबंटन में गड़बड़ी के आरोप में कलेक्टर विनय लंगेह ने दो वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारी सुंदरलाल मिर्धा उप संचालक कृषि कार्यालय के अधीन सरायपाली में पदस्थ थे। जबकि दूसरे अधिकारी शरणागत सिंह बागबाहरा में पदस्थ थे। सुंदरलाल मिर्धा पर मेसर्स राजेश अग्रवाल सरायपाली एवं मेसर्स ओम फर्टिलाइजर सरायपाली को ऑफ सीजन में अनियमित रूप से अधिक मात्रा में यूरिया उर्वरक का वितरण करने का आरोप है। साथ ही कार्यालय द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बागबाहरा गंगा प्रसाद शरणागत को मेसर्स आरएस ट्रेडर्स बागबाहरा एवं जय ▶▶| शेष पेज 7 पर

- अधिक मात्रा में यूरिया वितरण करने की मिली थी शिकायत

**बगैर सुरक्षा उपकरण हो रहा था सुधार कार्य, प्रबंधन ने कहा, बेहोश होकर गिरा**

## एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, यात्रियों के बीच 30 फीट ऊंची सीलिंग से गिरा विद्युत कर्मी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना एयरपोर्ट पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां वेटिंग हॉल में सीलिंग पर काम कर रहा विद्युत कर्मी नीचे गिर गया। सीलिंग की ऊंचाई 30 फीट से अधिक है। चक्कर आने और बेहोशी के बाद एयरपोर्ट में सुधार कार्य कर रहा विद्युत कर्मी विमान का इंतजार कर रहे यात्रियों के बीच ही गिर गया। विद्युत संविदा कर्मी कुबेर चंद्र साहू की इस हादसे में मौत हो गई है। मृतक की आयु लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। किसी तरह का सुरक्षा किट इस दौरान मृतक ने नहीं पहना था और ना ही किसी तरह की सुरक्षात्मक व्यवस्था की गई थी। एयरपोर्ट प्रबंधन के मुताबिक, घटना के



कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही संबंधित ठेका एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। दूसरी ओर, मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवान से इनकार कर दिया है। कड़ी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### प्रथम तल पर जारी था सुधार कार्य

*एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूरे मामले पर कहा, सिक्योरिटी होल्ड एरिया के प्रथम तल पर सुधार कार्य के दौरान विद्युत संविदा कर्मी कुबेर चंद्र साहू को अत्यधिक गर्मी के कारण अचानक चक्कर एवं बेहोशी महसूस हुई, जिसके उपरांत वे फॉल्स सीलिंग की ऊंचाई से नीचे गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। घायल कर्मचारी को* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## अकुशल स्कूलों पर लागू नहीं होंगे एसएमसी को लेकर जारी दिशानिर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

स्कूली शिक्षा में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से इस महीने की शुरुआत में स्कूलों में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन को लेकर दिशानिर्देश जारी किए गए थे। लेकिन हालिया वक्त में समाज के कुछ वर्गों द्वारा इस संबंध में प्रकट की गई चिंताओं के बाद गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि यह ▶▶| शेष पेज 7 पर




**संसदीय समिति के सवाल पर एनटीए अफसरों ने दिए जवाब**

# नीट पेपर नहीं हुआ लीक, सीबीआई कहेगी तब ही मानेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद की एक समिति के कई सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' के पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से तीखे सवाल किए, जिस पर एनटीए की तरफ से बताया गया कि यह उसके तंत्र के माध्यम से नहीं हुआ तथा इस प्रकरण की जांच सीबीआई कर रही है। सूत्रों के अनुसार एनटीए के चेयरमैन प्रदीप कुमार जोशी और एनटीए डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह शामिल हुए। एनटीए के डीजी अभिषेक सिंह ने कमेटी के सामने साफ कहा कि पेपर उनके सिस्टम से लीक नहीं हुआ। सीबीआई कहेगी तब ही मानेंगे। सूत्रों ने बताया कि शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसद की स्थायी समिति की बैठक के ▶▶| शेष पेज 7 पर




### कर्मचारियों की कमी

सूत्रों का कहना है कि संसदीय समिति के सदस्यों ने एनटीए में कर्मचारियों की कमी और रिक्तियों को भरने की पैरवी की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एजेंसी कुशलतापूर्वक काम कर सके और किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि एनटीए ने समिति के सदस्यों को सूचित किया कि एजेंसी में लगभग 25 प्रतिशत कर्मचारियों की कमी है और ऐसी सभी रिक्तियों को भरने के लिए व्यवस्थित रूप से कदम उठाए जा रहे हैं।

### दिग्गी बोले पेपर लीक पर जताई चिंता

बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा, 'संसदीय समिति में जो भी चर्चा होती है, हम शपथ के तहत उस पर चर्चा नहीं कर सकते। उन्होंने हालांकि कहा, बैठक बहुत अच्छी रही। हमें सभी सदस्यों से जानकारी मिली। सदस्यों ने नीट पेपर लीक पर अपनी चिंता व्यक्त की।

### इधर, लातूर से डॉक्टर गिरफ्तार

*नीट पेपर लीक में सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि डॉ मनोज शिरुरे ने बेटे के लिए आरसीसी कोचिंग के संचालक और आरोपी शिवराज मोटेगांवकर उर्फ 'एम सर' से गेस पेपर खरीदे थे। सीबीआई ने बुधवार को पुणे में पूछताछ के बाद अरेस्ट कर लिया। जानकारी आज सामने आई है। इस मामले में किसी पेरेंट्स की यह पहली गिरफ्तारी है। नीट पेपर लीक में यह 11वीं गिरफ्तारी है। इससे पहले महाराष्ट्र से 6, राजस्थान से 3 और हरियाणा से एक व्यक्ति को अरेस्ट किया। इनमें 2 महिलाएं भी हैं। उधर, इस मामले में लगातार नए खुलासे भी हो रहे हैं। सीबीआई जांच में पता चला है कि शिवराज लातूर में 8 एकड़ जमीन पर स्कूल-कॉलेज खोलने की तैयारी में था।*

### कार्यक्रम में विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने कहा: ऐतिहासिक क्षण

# वित्त मंत्री ने की घोषणा: स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल होगा नांदगांव जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में आज एक निजी होटल में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज राजनांदगांव के जिला स्तरीय व्यापारी महाधिवेशन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी विशेषतौर पर उपस्थित रहे।

■ औद्योगिक नीति से जुड़े व्यापारी, फर्जी बिल पर होगी कार्रवाई

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज का यह आयोजन अद्भुत एवं ऐतिहासिक है। वित्त मंत्री द्वारा स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव जिले को शामिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने भव्य आयोजन के लिए चेम्बर ऑफ कॉमर्स की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत पीडीएस प्रणाली के तहत जनमानस की पीड़ा को समझकर संवेदनशीलतापूर्वक नमक, चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के लागू होने के बाद प्रारंभिक दिनों में कुछ दिक्कतें हुए थी। इसके पहले 17 प्रकार के कर तथा 13 प्रकार के अन्य कर थे। जिससे एक राज्य से दूसरे राज्य में एंट्री करने तथा निर्यात करने जैसी समस्या थी।



#### शहरों का एकीकृत होगा विकास

वित्त मंत्री ने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन में राजनांदगांव शामिल होगा। एकीकृत योजना के तौर पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकसित होने से विभिन्न शहरों को एकीकृत करते समेकित एवं योजनाबद्ध विकास को गति मिलेगी। स्टेट कैपिटल रीजन अंतर्गत राजनांदगांव जिले को शामिल करने से आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जॉब पार्क की शुरूआत की गई है।

#### एक सूत्र में जोड़ने की होगी कोशिश : बैद

समाजसेवी खूबचंद पारख ने कहा कि चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज राजनांदगांव के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि व्यापार किसी भी देश की आर्थिक उन्नति का पैमाना होता है। इसके साथ ही सभी को एक सूत्र में जोड़ते हुए शासन की योजनाओं को जोड़ते सेतु बनाने का कार्य करती है। कार्यक्रम को ज्ञानचंद बाफना एवं अरूण डुलानी ने भी संबोधित किया।

## दुकान-गोदाम में लगी आग से करोड़ों का सामान खाक

**बलौदाबाजार**। शहर के लवन रोड स्थित दीपल ट्रेडर्स के दुकान और गोदाम में बुधवार–गुरुवार की रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से गोदाम में रखा करोड़ों रुपए का किराना सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार देर रात दुकान और गोदाम से धुआं निकलता देख लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। किरानाव्यापारी विनोद अगिचाई को करोड़ों का नुकसान हुआ है।


## राज्य सरकार 90 दिनों में नए सिरे से बनाए मेरिट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

**शिक्षक भर्ती विवाद**

हाईकोर्ट ने राज्य में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को 90 दिनों के भीतर नए सिरे से मेरिट लिस्ट बनाने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर तय सीमा से अधिक दिव्यांग उम्मीदवारों को केवल उनकी योग्यता के आधार पर नियुक्ति देना कानूनन गलत है।

इस मामले की सुनवाई जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट ने मेरिट लिस्ट की समीक्षा कर 90 दिनों के भीतर



दोबारा मेरिट लिस्ट बनाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। उमेश कुमार श्रीवास, नेहा साहू, प्रमोद कुमार साहू और अन्य याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में बताया है लोक शिक्षण संचालनालय डीपीआई ने 9 मार्च 2019 को व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक के विभिन्न खाली पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस भर्ती में ओबीसी वर्ग के याचिकाकर्ताओं ने भी हिस्सा लिया और मेरिट सूची में स्थान बनाया, लेकिन जब चयन समिति ने प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की तो ओबीसी कैटेगरी के पदों पर 7 प्रतिशत की तय सीमा से कहीं ज्यादा दिव्यांग उम्मीदवारों को चुन लिया गया। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि व्याख्याता बायोलाजी ई-संवर्ग के लिए कुल 200 पद भरे जाने थे, जिसमें ओबीसी के हिस्से के पदों में से 14 पद दिव्यांगों के लिए आरक्षित होने चाहिए थे।

# पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में पास्टर सहित छह गांव के 200 लोगों ने की मूल धर्म में घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

**विधायक भावना के प्रयास ला रहे बड़े बदलाव**

पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम बूचीपारा में विधायक भावना बोहरा द्वारा गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक गौरव सम्मलेन एवं अभिनंदन समारोह में वनांचल क्षेत्रों में धर्म सभा का आयोजन करने वाले पास्टर पादरी सहित ग्राम छिरहा, पीपरहा, कुल्हीडोंगरी, जामुनपानी, नागाडबरा और नवापारा छह गांव के 200 आदिवासी परिवार के सदस्यों ने अपने मूल धर्म में घर वापसी की। अपनी संस्कृति,सभ्यता और स्वाभिमान की जड़ों से जुड़ें।



पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विधायक बोहरा ने जनजाति समाज के लोगों का अभिनंदन एवं स्वागत कर उनके पैर पखारकर उनके मूल धर्म में वापसी करायी है। पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम पिपरहा, छिरहा और कुल्हीडोंगरी में अब धर्म सभाएं नहीं होंगी जो अपने निजी स्वार्थ के लिए धर्मांतरण कराने वाले लोगों की मंशा पर कड़ा प्रहार भी है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे जनपद अध्यक्ष नंदिनी साहू , उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी, रुपेश जैन, कल्याण सिंह, नवल पाण्डेय,चंद्रू सोनी , शिव कुमार चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष रविश ठाकुर, दिनेश चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।


#### 575 से अधिक लोग कर चुके घर वापसी

विदित हो कि इससे पूर्व पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र नेऊर के आस-पास के गांव से 115, कुई-कुकदुर क्षेत्र से 70, ग्राम दमगढ़ में 50 एवं ग्राम कुल्हीडोंगरी में 140 आदिवासी नागरिकों ने घर वापसी की है, इस तरह अब तक पंडरिया विधानसभा के 575 से अधिक आदिवासी समाज के लोगों ने अपने मूल धर्म में प्रवेश किया है।




## तालाब में डूबकर दो बच्चियों की मौत

**जांजगीर-चांपा** । तालाब में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। दोनों बच्चियां अपनी दादी के साथ तालाब में नहाने गई थी। नहाने के दौरान खेलते खेलते गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी की है। जानकारी के अनुसार गुरुवार 21 मई की दोपहर ग्राम अर्जुनी निवासी अशोक रात्रे की बेटी मुस्कान और श्रुति अपनी दादी के साथ नहाने के लिए स्कूल के पास के तालाब गई थी। दोनों बच्चियां नहाने के लिए तालाब में उतर गई। वहीं उनकी दादी तालाब के किनारे कपड़े धोने लगी। बच्चियां खेलते खेलते गहरे पानी में चली गई। इधर उनकी दादी कपड़े धोने में व्यस्त हो गई। इसी बीच दोनों बच्चियां गहरे पानी में डूब गई। कुछ देर बाद कुछ देर बाद जब बच्चियां नहीं दिखी तो दादी ने आसपास तलाश शुरू की। देखते ही देखते वहां अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और बच्चियों की खोजबीन शुरू की गई। काफी प्रयास के बाद दोनों बच्चियों को तालाब के पानी में डूबा हुआ पाया गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तत्काल बाहर निकाला गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया। अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने 9 वर्षीय मुस्कान रात्रे और 7 वर्षीय श्रुति रात्रे को मृत घोषित कर दिया।







# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रायपुर, बिलासपुर समेत छग के पांच शहर भी, माना ने छुआ 45 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

देश के साथ छत्तीसगढ़ में ग्रीष्मलहर ने लोगों को बेदम कर दिया है। आसमान से आग बरस रही है। तकरीबन सभी शहर भीषण लू की चपेट में हैं। गुरुवार को यहां कई शहरों में पारा 44 डिग्री से ऊपर रहा। रायपुर के माना में तो सर्वाधिक 45 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### 5 दिनों तक छग में लू का अलर्ट

सूची में जगह बनाने के बीच गुरुवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म राजधानी रायपुर का माना क्षेत्र रहा। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सूची के शीर्ष 17 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक




**गुरुवार को छग के सर्वाधिक गर्म शहर**


- माना - 45 डिग्री (सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक)
- बिलासपुर- 44.6 डिग्री (सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक)
- दुर्ग- 44.2 डिग्री (सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक)
- राजनांदगांव- 44.2 डिग्री (सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक)

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कार के गहरी खाई में गिरने से पांच की मौत

**नैनीताल।** उत्तराखंड में नैनीताल जिले के भवाली क्षेत्र में एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें



सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राज्य आपदा प्रतिवादन बल की टीमें मौके पर पहुंचीं हालांकि, कार में सवार किसी भी व्यक्ति को बचाया नहीं जा सका।

### 13 साल की बालिका का अधेड़ से शादी, केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर में प्रशासन की चेतावनी अनसुनी करते हुए 13 वर्षीय लड़की का विवाह 42 वर्षीय व्यक्ति से कराए जाने के मामले में पुलिस ने दूल्हे, उसके परिजनों और लड़की के दादा-दादी सहित 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। लड़की के पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली थी।

### चॉकलेट के पैकेट में लाया 396 ग्राम सोना जब्त

**नई दिल्ली।** आईजीआई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों



ने रियाद से आए दो यात्रियों के पास से चॉकलेट के पैकेटों में छिपाकर लाया गया 396 ग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है। दोनों यात्रियों को 'स्पॉट प्रोफाइलिंग' के आधार पर ग्रीन चैनल पर रोका गया।

### बाइक के पेड़ से टकराने से तीन युवकों की मौत

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में एक मोटरसाइकिल के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने की घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आर्यन टोप्पो (18), संजीत केरकेट्टा (19) और अक्षय केरकेट्टा (18) के रूप में हुई है, जो जिले के उजड़ा गांव के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार दोपहिया वाहन थाना दधगांव के पास एक पेड़ से टकरा गया।

*बेमौसम बारिश से तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य नहीं हो पाया पूरा*

# बारिश से तेंदूपत्ते में गांठें, ओले ने किया छेद नतीजा-खरीदी कम, नुकसान 24 करोड़ का



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर में हरा सोना माने जाने वाले तेंदूपत्ता के कारोबार पर अंधड़, बारिश और ओले की मार पड़ी है। बिगड़े मौसम ने बस्तर संभाग के हजारों आदिवासी परिवारों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। इनकी जीविका का एक प्रमुख स्रोत तेंदूपत्ता है। लेकिन बारिश और ओले ने तेंदूपत्ता के कोमल पत्तों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इसके चलते इस वर्ष लक्ष्य के मुकाबले तेंदूपत्ता की खरीदी कम हुई है। इससे संग्राहकों को करीब 24 करोड़ रुपए कम भुगतान होने जा रहा है। वन विभाग के अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

*बस्तर संभाग के 4 जिलों में 120 करोड़ की खरीदी की संभावना*

### ओले गिरने से पत्तों में हो गए छेद

संग्राहकों ने बताया कि तेंदूपत्ता निकलने के दौरान पत्ता कोमल होता है, जिस पर पानी गिरने के बाद दाने के रूप में गांठ बनने की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही ओले गिरने से पत्तों में ▶▶|शेष पेज 7 पर



### 1.74 लाख मानक बोरी तेंदूपत्ता की हुई खरीदी

वन विभाग बस्तर वृत के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बस्तर वृत में सुकमा और बीजापुर जिले में सबसे अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण होता है। मौसम खराब होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का संचालन पर असर पड़ा। बस्तर वन वृत के अंतर्गत 2 लाख 68 हजार 900 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी का लक्ष्य रखा था, जिसमें अब तक एक लाख 74 हजार 394.038 मानक बोरा खरीदी हुई।

### पिछले साल के मुकाबले ज्यादा संग्रहण


पिछले साल 2 लाख 70 हजार 4 सौ मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 1 लाख 16 हजार मानक बोरा संग्रहण हुआ था। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 64 करोड़ 34 लाख रुपए पारिश्रमिक दिया गया था। जबकि 155 करोड़ रुपए पारिश्रमिक ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बीजापुर में मिलता है 14 इंच लंबा व 10 इंच चौड़ा तेंदूपत्ता

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले में 14 इंच लंबा एवं 10 इंच चौड़ा तेंदूपत्ता मिलता है, जिससे बीड़ी बनती है। इसे जिले के इंद्रावती नदी पार अबुझमाड़ में ही संग्रहण किया गया है, जिन्हें नाव से फड़ तक लाया गया है। जिले में 582 फड़ थे, जिसमें से लगभग 533 फड़ में तेंदूपत्ता की खरीदी की, जहां 39 हजार 505 संग्राहकों ने 65 हजार 423.230 मानक बोरा का संग्रहण किया है।

*परीक्षा केंद्रों में भीड़ कम करने की कवायद*

# यूपीएससी में 23 हजार अभ्यर्थियों ने चुना तीन नए केंद्रों का विकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को कहा कि परीक्षा केंद्रों पर भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से बनाये गए तीन नये परीक्षा केंद्रों का विकल्प 23,000 से अधिक सिविल सेवा अभ्यर्थियों ने चुना है। आयोग ने बताया कि भुवनेश्वर, कानपुर और मेरठ में नये केंद्र बनाए जाने के बाद सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल परीक्षा केंद्रों की संख्या 80 से बढ़कर 83 हो गई है।

### बेहतर सुविधा देने की कोशिश

यूपीएससी के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को अभ्यर्थियों के लिए अधिक सुविधाजनक और सुलभ बनाना है।

### हर साल तीन चरणों में परीक्षा

आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य केंद्रीय सेवाओं में भर्ती के लिए यूपीएससी द्वारा हर साल तीन चरणों प्रारंभिक, मुख्य और व्यक्तित्व परीक्षण में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष की सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा रविवार को होने वाली है। आयोग ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षा के लिए कुल 8,19,372 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

*179 यात्री थे सवार*

# लैंडिंग के समय रनवे से टकराया एयर इंडिया का विमान, उड़ान रद्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली से बेंगलुरु जा रहा एयर इंडिया का एक विमान लैंडिंग के समय हादसे का शिकार हो गया। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर उतरते समय फ्लाइट एआई2651 'टेल-स्ट्राइक' का शिकार हो गई। विमान का पिछला हिस्सा अचानक रनवे से टकरा गया। हालांकि, पायलट ने स्थिति को संभाल लिया और सुरक्षित लैंडिंग पूरी की। विमान में सवार सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाला गया। एयर इंडिया के इस विमान में 179 लोग सवार थे। यात्रियों से भरे इस विमान में पायलट को लैंडिंग के वक्त आगे उड़ रहे दूसरे विमान की वजह से वेक टर्बुलेंस महसूस हुआ, जिसके चलते नियंत्रण प्रभावित हुआ और विमान की टेल रनवे से टकरा गई।

### यह फ्लाइट हुई रद्द

इस घटना के चलते बेंगलुरु से दिल्ली लौटने वाली फ्लाइट एआई2652 को रद्द कर दिया गया है। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की बात कही है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की ग्राउंड टीम यात्रियों को हर जरूरी सहायता दे रही है। एविएशन एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वेक टर्बुलेंस जैसी स्थिति में पीछे आ रहे विमान की स्थिरता अचानक प्रभावित हो सकती है।

*खनन सूचना केंद्र की स्थापना*

# अवैध खनन पर निगरानी और होगी सशक्त, आएगी पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खनिज संसाधनों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनसहभागिता आधारित बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लगातार ठोस कदम उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश में खनन गतिविधियों की प्रभावी निगरानी, नागरिकों से सीधा संवाद तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई ▶▶|शेष पेज 7 पर

### तय की गई जिम्मेदारी

खनन सूचना केंद्र का संचालन कार्यालयीन समयानुसार प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक किया जाएगा। प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित समन्वय और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त संचालक (खनिज प्रशासन) स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### साय ने कहा- महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि खनिज संपदा का संरक्षण, पारदर्शी उपयोग, राजस्व संवर्धन तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण जनसहभागिता और तकनीकी समन्वय के माध्यम से ही संभव है। "खनन सूचना केंद्र" इस दिशा में शासन की जवाबदेह, संवेदनशील और पारदर्शी कार्यप्रणाली को मजबूत करने वाली एक महत्वपूर्ण जनहितकारी पहल है।




*राज्य सरकार ने जारी किया आदेश, सियासी घमासान*

# बंगाल के सभी मदरसों में अब 'वंदे मातरम' अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम' का गायन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। सरकार के आदेश के बाद सियासी सरगर्मी तेज हो गई है।

मदरसा शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश सरकार के मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों, अनुमोदित शिशु शिक्षा केंद्रों, माध्यमिक शिक्षा केंद्रों तथा अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसों पर भी लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है, कक्षाओं की शुरुआत से पहले प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किया जाता है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय सभी संस्थानों में प्रार्थना सभा की प्रक्रियाओं में 'एकरूपता' लाने के उद्देश्य से लिया गया है।

### राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान का मामला


केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान से जुड़े प्रावधानों को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जाने के बाद यह आदेश आया है, जिसमें 'वंदे मातरम' के गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने के लिए राष्ट्रीय सम्मानों का अपमान रोकथाम अधिनियम, 1971 में संशोधन का प्रस्ताव है।



### सरकारी स्कूलों में पहले से ही अनिवार्य

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह राज्य सरकार ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भी सुबह की प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य करने का निर्देश दिया था। इस कदम को लेकर निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक छात्र को विद्यालय में दिन की शुरुआत में राष्ट्रगीत के गायन में भाग लेना होगा और संस्थान प्रमुखों को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है।

### इधर, हुमायूं बोले- नहीं गाएंगे वंदे मातरम



एजेयूपी के चेयरमैन और बंगाल में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हुमायूं कबीर ने पलटवार किया है। उन्होंने दो टूक कहा कि मदरसों में वंदे मातरम नहीं गाएंगे। मदरसों के मामलों में इस तरह के आदेश देने का सरकार का कोई अधिकार नहीं है।

*कैलाश मानसरोवर यात्रा 2026 पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी और जरूरी खबर है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कंप्यूटर ड्रा के जरिए इस साल यात्रा पर जाने वाले भाग्यशाली श्रद्धालुओं के नामों की घोषणा कर दी है। इस बार यात्रियों की लिस्ट तैयार करने के लिए पूरी तरह से निष्पक्ष और कंप्यूटर-जनरेटेड रैंडम प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसमें महिला और पुरुष दोनों की बराबर भागीदारी (जेंडर बैलेंस) का विशेष ध्यान रखा गया है।*

**कैलाश मानसरोवर यात्रा लिस्ट जारी**

**जयशंकर ने कंप्यूटर ड्रा के जरिये निकाले नाम**

# 1 हजार श्रद्धालुओं का चयन, 20 अलग-अलग बैच में होगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

साल 2026 की यह पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा जून के महीने में शुरू होगी और अगस्त तक चलेगी। कंप्यूटर ड्रा के जरिए इस साल कुल 1,000 यात्रियों का चयन किया गया है। इन सभी श्रद्धालुओं को 20 अलग-अलग बैच में भेजा जाएगा, यानी हर एक बैच में 50 यात्री सफर करेंगे। रूट और बैच से जुड़ी पूरी डिटेल यात्रा की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। लिस्ट में नाम आने का मतलब यह नहीं है कि यात्रा पूरी तरह पक्की हो गई है। मंत्रालय ने कुछ कड़े नियम तय किए हैं, जिनका पालन न करने पर आपका चयन रद्द किया जा सकता है।

## रूट और बैच से जुड़ी पूरी डिटेल यात्रा की वेबसाइट पर कर दी गई है अपलोड

## सबसे बड़ी खुशखबरी : दोनों ही रास्ते अब पूरी तरह से मोटरेबल

### अब नहीं करनी पड़ेगी मुश्किल पैदल ट्रैकिंग

इस साल की यात्रा के लिए दो रूट तय किए गए हैं- पहला लिपुलेख दर्रा और दूसरा नाथू ला दर्रा। श्रद्धालुओं के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी यह है कि ये दोनों ही रास्ते अब पूरी तरह से मोटरेबल (यानी गाड़ियों के चलने लायक) हो चुके हैं। इसका मतलब यह हुआ कि इस बार यात्रियों को बहुत ही कम पैदल चलना पड़ेगा और वे आसानी से गाड़ियों के जरिए अपना सफर पूरा कर सकेंगे।



**एसएमएस और ईमेल से मिलेगी जानकारी :** विदेश मंत्रालय के मुताबिक, जिन भी श्रद्धालुओं का नाम इस लिस्ट में आया है, उन्हें एसएमएस और ईमेल के जरिए नोटिफिकेशन भेज दिया गया है। इसके अलावा, यात्री खुद भी यात्रा की आधिकारिक वेबसाइट **https://kmy.gov.in** पर जाकर लॉग-इन कर सकते हैं और अपना सिलेक्शन स्टेटस चेक कर सकते हैं।

रूट और बैच बदलना आसान नहीं होगा: कंप्यूटर ड्रा में आपको जो रास्ता (रूट) और जो ग्रुप (बैच) मिल गया है, उसे बदला नहीं जाएगा। अगर कोई बहुत बड़ी मजबूरी है, तो आप ठोस कारण बताकर ग्रुप बदलने की अर्जी दे सकते हैं। लेकिन यह तभी होगा जब दूसरे ग्रुप में कोई सीट खाली होगी। इस पर विदेश मंत्रालय का फैसला ही आखिरी होगा।

आखिरी तारीख से पहले एडवांस पैसे जमा करना जरूरी: लिस्ट में नाम आते ही आपको दी गई

### यात्रा से जुड़ीं जरूरी शर्तें

आखिरी तारीख (डेडलाइन) से पहले केएमवीएन या एसटीडीसी के बैंक खाते में बुकिंग अमाउंट (पुष्टिकरण राशि) जमा करनी होगी। ध्यान रहे कि यह पैसा नॉन-रिफंडेबल है, यानी किसी भी हालत में वापस नहीं मिलेगा।

पैसे नहीं दिए, तो नाम कटेगा और वेटिंग लिस्ट में जाएगा: अगर आपने तय तारीख तक पैसे जमा नहीं किए, तो आपका सिलेक्शन अपने आप रद्द हो जाएगा। आपको मुख्य लिस्ट से हटाकर वेटिंग लिस्ट में डाल दिया जाएगा, आपकी जगह किसी दूसरे यात्री को मौका दे दिया जाएगा।

दिल्ली आने से पहले ऑनलाइन हां करना जरूरी: पैसे जमा करने के बाद भी एक काम जरूरी है। दिल्ली पहुंचने से पहले आपको यात्रा की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन दोबारा कन्फर्म (**Re-confirm**) करना होगा कि आप यात्रा पर आ रहे हैं। ऐसा न करने पर भी आपका नाम काटा जा सकता है।

**आपस में भिड़े ट्रंप-नेतन्याहू! अमेरिकी वेबसाइट एक्सिओज ने किया दावा**

# ईरान पर फिर हमला करने को लेकर फोन कॉल में सामने आया मतभेद

*ईरान को लेकर अमेरिका और इजरायल के बीच रणनीतिक मतभेद अब खुलकर सामने आने लगे हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई हालिया फोन कॉल काफी तनावपूर्ण रही। दोनों नेताओं के बीच सबसे बड़ा विवाद इस बात को लेकर था कि ईरान पर फिर से सैन्य हमला किया जाए या बातचीत के जरिए समझौते की कोशिश जारी रखी जाए।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेतन्याहू ईरान की सैन्य क्षमता और उसके अहम इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह कमजोर करने के लिए दोबारा हमले शुरू करना चाहते हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सिओज ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि फोन कॉल के बाद नेतन्याहू बेहद नाराज और बेचैन नजर आए। रिपोर्ट में यहां तक कहा गया कि 'उनके बालों में आग लगी हुई थी', यानी वह बेहद गुस्से और तनाव में थे। दरअसल, ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने ईरान पर प्रस्तावित हमले को फिलहाल टाल दिया है। बताया गया कि कतर, यूएई और दूसरे अरब देशों ने अमेरिका से तनाव कम करने की अपील की थी, जिसके बाद सैन्य कार्रवाई रोक दी गई। इसके साथ ही पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में एक नया शांति प्रस्ताव भी तैयार किया गया है, जिसका मकसद अमेरिका और ईरान के बीच समझौते की जमीन तैयार करना है।

### 28 फरवरी को शुरू हुई थी ईरान के साथ यूएस-इजराइल की जंग



### मध्यस्थ देश 'लेटर ऑफ इंटेंट तैयार' कर रहे!

सूत्रों के मुताबिक, ट्रंप ने नेतन्याहू से बातचीत में कहा कि मध्यस्थ देश एक 'लेटर ऑफ इंटेंट' तैयार कर रहे हैं, जिस पर अमेरिका और ईरान हस्ताक्षर कर सकते हैं। इस प्रस्ताव के तहत 30 दिनों तक बातचीत चलेगी, जिसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट को खोलने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। हालांकि, इजरायल इस पूरी प्रक्रिया को लेकर काफी संशय में है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सरकार के अंदर एक बड़ा वर्ग मानता है कि ईरान जानबूझकर बातचीत को लंबा खींच रहा है और इस दौरान अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है। यही वजह है कि इजरायल फिर से सैन्य कार्रवाई के पक्ष में दिख रहा है।

### अगर नहीं बनी बात तो फिर होगी जंग!

ट्रंप ने हालांकि यह भी कहा कि अगर बातचीत सफल नहीं हुई तो अमेरिका दोबारा युद्ध का रास्ता अपना सकता है। उन्होंने कहा, 'सब कुछ अब सीमा रेखा पर खड़ा है। अगर सही जवाब नहीं मिला तो हालात बहुत तेजी से बदल सकते हैं।' उधर ईरान ने भी साफ कर दिया है कि वह अपने 14-सूत्रीय प्रस्ताव के आधार पर ही बातचीत आगे बढ़ाएगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता जारी है, लेकिन अभी किसी समझौते पर पहुंचना आसान नहीं दिख रहा। ऐसे में साफ है कि ईरान को लेकर अमेरिका और इजरायल फिलहाल एक ही पेज पर नजर नहीं आ रहे. एक तरफ ट्रंप कूटनीति को मौका देना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ नेतन्याहू मानते हैं कि ईरान पर दबाव बनाए रखने का सबसे असरदार तरीका सैन्य कार्रवाई ही है। अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू हुए तीन महीने होने को आ चुके हैं। 28 फरवरी को शुरू हुए हमलों के बाद नाजुक सीजफायर चल रहा है, लेकिन स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अभी भी विवाद का केंद्र है। डोनाल्ड ट्रंप ने इतने दिनों में कई बार अल्टीमेटम दिया, फिर बढ़ाया। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि अगर इतने दिन में कुछ हल नहीं निकल पाया, तो अगले 2-3 दिन में ट्रंप अचानक क्या गेमप्लान चला सकते हैं?

**पांच दिन में इंस्टा में भाजपा-कांग्रेस से भी ज्यादा बने फालोवर्स**

# इंटरनेट पर धूम मचाने वाली कॉकरोच पार्टी का एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया में पिछले 4-5 दिनों से चर्चित कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि यह कार्रवाई ठीक उसी के कुछ घंटों बाद हुई जब इस मीम-पेज जैसी पार्टी ने इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी यानी बीजेपी के आधिकारिक हैंडल को भी पीछे छोड़ दिया। एक्स के मुताबिक, यह कार्रवाई एक कानूनी मांग के जवाब में की गई है। इस आंदोलन को शुरू करने वाले अभिजीत दिपके ने इसका स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, जैसा कि उम्मीद थी, कॉकरोच जनता पार्टी का अकाउंट भारत में विदहेल्ड कर दिया गया है।

### इंस्टाग्राम पर बीजेपी को छोड़ा पीछे

एक्स पर भले ही इस अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया हो, लेकिन इंस्टाग्राम पर इस पार्टी ने जो रिकॉर्ड बनाया है उसने बड़े-बड़े राजनीतिक पंडितों को हैरान कर दिया है। सीजेपी के इंस्टाग्राम पर गुरुवार तक 1.5 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं। यह देश की किसी भी पॉलिटिकल पार्टी से ज्यादा है। इंस्टाग्राम पर कांग्रेस के 1.33 करोड़, भाजपा के 87 लाख, आप के 19 लाख फॉलोअर्स हैं। इसके साथ ही इनकी वेबसाइट पर 6 लाख से ज्यादा युवाओं ने रजिस्ट्रेशन भी कर लिया है।

### ऐसे बनी पार्टी

15 मई को सीजेआई सूर्यकांत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की थी। इसके एक दिन बाद सीजेपी पार्टी बनाई गई थी। बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस (पीआर) की पढ़ाई पूरी करने वाले 30 वर्षीय अभिजीत दिपके ने इस तंज को ही अपनी राजनीतिक पहचान बना लिया और 'कॉकरोच जनता पार्टी' का गठन कर डाला।

### नाम के लिए तीन ट्रेडमार्क आवेदन

'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम पर अधिकार हासिल करने के लिए तीन अलग-अलग ट्रेडमार्क आवेदन दाखिल किए गए हैं। ट्रेडमार्क पंजीकरण पोर्टल पर अजीम आदमभाई जाम और अखंड स्वरूप नामक व्यक्तियों तथा 'कॉकरोच जनता पार्टी' को शुरू करने वाले की ओर इस नाम के लिए अलग-अलग आवेदन दाखिल किए गए हैं।

# यूपी के सभी यूनिवर्सिटी- कॉलेज में यूनिफॉर्म अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और राज्य विश्वविद्यालयों की चांसलर आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों (कॉलेजों) में विद्यार्थियों के लिए यूनिफॉर्म व्यवस्था अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को राजभवन में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से संबद्ध शासकीय और वित्तपोषित महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक के दौरान राज्यपाल ने यह बड़ा फैसला सुनाया। वर्तमान में यूपी के कुछ महिला कॉलेजों और सेल्फ-फाइनेंस पाठ्यक्रमों में तो ड्रेस कोड लागू है, लेकिन अधिकांश राज्य विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में छात्र सामान्य कपड़ों में आते हैं। अब नए आदेश के तहत सभी संस्थान अपने स्तर पर मनपसंद रंग और डिजाइन तय कर यूनिफॉर्म लागू करेंगे, जिससे पूरे कैंपस में एकरूपता बनी रहे।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

**परिवार ने लगाया आरोप**

# ट्विशा की मौत के बाद सास ने किया था कई लोगों को फोन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा के परिवार वालों ने उसकी सास गिरिबाला सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार का कहना है कि ट्विशा शर्मा की मौत के बाद गिरिबाला सिंह ने कई लोगों को फोन किया था और इसमें न्यायपालिका से जुड़े लोग भी शामिल थे। गिरिबाला सिंह रिटायर्ड एडिशनल जज हैं। ट्विशा शर्मा के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि गिरिबाला सिंह ने रिश्तेदारों और परिचितों को फोन किया था और इसके अलावा न्यायपालिका से जुड़े लोगों से भी बात की थी। ट्विशा शर्मा के परिवार वालों का आरोप है कि ऐसा करके उन्होंने जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी।



### सास को पद से हटाया सरकार ने

मॉडल और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। मध्य प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने एक बड़ा कदम उठाते हुए ट्विशा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

**यूपी हाईकोर्ट ने लिया बड़ा एक्शन**

# पार्षद को शपथ नहीं दिलाने पर मेयर के सारे अधिकार सीज

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकारों को पूरी तरह सीज करने का एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस कमर हसन रिजवी की पीठ ने मामले की सुनवाई की थी। यह कड़ी कार्रवाई वार्ड संख्या-73 (फैजुल्लागंज) से नवनिर्वाचित पार्षद ललित किशोर तिवारी को पिछले पांच महीनों से शपथ न दिलाए जाने के कारण की गई है। कोर्ट ने साफ कहा कि मेयर पक्ष हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों जगह से राहत पाने में असफल रहा, इसके बावजूद अदालती आदेश, जिला मजिस्ट्रेट और राज्य सरकार के निर्देशों का पालन नहीं किया गया।



### यह है विवाद

साल 2023 के नगर निकाय चुनाव में भाजपा के प्रदीप कुमार शुक्ला विजयी घोषित हुए थे, लेकिन हलफनामे में गड़बड़ी के चलते कोर्ट ने दिसंबर 2025 में उनका निर्वाचन रद्द कर सपा समर्थित ललित किशोर तिवारी को निर्वाचित घोषित किया था। सुप्रीम कोर्ट से भाजपा प्रत्याशी की याचिका खारिज होने के बाद भी पार्षद को शपथ नहीं दिलाई जा रही थी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

चिंतन

# आतंकवाद पर और कड़ा प्रहार जरूरी

आतंकवाद विरोधी दिवस पर हाल ही के वर्षों में सुरक्षाबलों पर किए गए खतरनाक हमलों में से एक पुलवामा हमले के कातिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। पुलवामा एक ऐसा हमला था, जिसने पूरे देश को अस्थिर कर दिया था। इसके बाद भारतीय सेना को बालाकोट स्ट्राइक करनी पड़ी थी और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। असल में दुनिया के तमाम देश आतंकवाद पर सिलेक्टिव नजरिया रखते हैं, लेकिन इसे व्यापक नजरिये देखे जाने की जरूरत है। भारत ने इस हकीकत को समझ लिया है और अब यह स्पष्ट हो गया है कि आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी होगी। इसी का परिणाम है कि अब देश में आतंकवाद का माहौल कुछ कम हो गया है। हाल ही के दिनों में पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सीमा पार ऑपरेशन सिंदूर कर दुश्मन को करारा जवाब दिया, लेकिन सीमापार नापाक देश अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह किसी न किसी रूप में भारत को निशाना बनाता रहता है। भारतीय सुरक्षाबल किसी भी दुस्साहस को जवाब देने के लिए तत्पर हैं। आतंकी हमजा बुरहान की हत्या केवल एक व्यक्ति के अंत की खबर नहीं है, बल्कि यह उस आतंकवादी ढांचे पर बड़ा संकेत है, जिसने दशकों से भारत की शांति और सुरक्षा को चुनौती दी है। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता है और वहां की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किया जाता है। हमजा बुरहान, सलमान अजहर, शेख यूसुफ अफरीदी और सज्जाद अहमद जैसे नाम इसी नेटवर्क की कड़ियां रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान में इन आतंकियों की रहस्यमयी मौतों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंक की फैक्ट्री अब भीतर से भी दरकने लगी है। हालांकि इन घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि कम हुई है, लेकिन इतना जरूर है कि आतंकवादी संगठनों के भीतर असुरक्षा और भय का माहौल बढ़ा है। भारत के लिए यह समय केवल संतोष का नहीं, बल्कि और अधिक सतर्क होने का है। आतंकवाद का चेहरा बदल चुका है। पहले सीमा पार से घुसपैठ और हथियारों की तस्करी प्रमुख खतरा थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, एन्क्रिप्टेड ऐप्स और डिजिटल फंडिंग के जरिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेला जा रहा है। हमजा बुरहान पर भी युवाओं की भर्ती और फंडिंग का आरोप था। यह बताता है कि आतंकवाद अब बंदूक से ज्यादा दिमाग और तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान की सत्ता और वहां की खुफिया एजेंसियां लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को "रणनीतिक हथियार" की तरह इस्तेमाल करती रही हैं। जब तक इस सोच में बदलाव नहीं आता, तब तक सीमा पार से साजिशें जारी रहेंगी। इसलिए भारत को केवल सैन्य शक्ति पर नहीं, बल्कि अपने खुफिया तंत्र, साइबर सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को भी और मजबूत करना होगा, ताकि किसी भी हमले से पहले उसे भांप सकें और उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। तभी हम आतंक पर पूरी तरह लगाम लगाने में सक्षम हो सकेंगे। अब दुनिया में आतंक नए रूप में सामने आ रहा है। तकनीकी क्षमताओं के दम पर इसे आसानी से अंजाम दिया जा रहा है। अब जरूरत है कि आतंक के हर प्रारूप पर कड़ा वार प्रहार किया जाए, तभी देश सुरक्षित होगा और आम नागरिक खुद को महफूज समझेगा और भारत को सुरक्षित भविष्य मिल सकेगा।



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

# सुप्रीम कोर्ट का कुत्तों पर जरूरी हस्तक्षेप

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो।

देश में आवारा कुत्तों के हमलों और काटने की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने अधिकारियों को उन पागल, गंभीर रूप से बीमार और भूखे आवारा कुत्तों को कानूनी रूप से इच्छा मृत्यु देने का निर्देश दिया है जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय पीठ ने पशु प्रेमियों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। अदालत ने पिछले साल नवंबर में दिए गए अपने उस आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया, जिसमें आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में स्थानांतरित करने की बात कही गई थी। पिछले साल जुलाई में रेबीज के कारण एक छह साल की बच्ची की मौत की खबर के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था, जिसके बाद लंबी सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक फैसला आया है। फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा, गरिमा के साथ जीने के अधिकार में यह अधिकार भी शामिल है कि व्यक्ति कुत्तों के हमलों के डर के बिना स्वतंत्र रूप से जीवन जी सके। राज्य मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकता। अदालत भी उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जहां बच्चे, विदेशी यात्री और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। संविधान ऐसे समाज की कल्पना नहीं करता, जहां बच्चों और बुजुर्गों का जीवन केवल शारीरिक ताकत या किस्मत के भरोसे हो। इसमें दो राय नहीं कि स्थानीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में विगत में दिए अपने निर्देशों को नरम न करने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला बिगड़ते जन-सुरक्षा संकट में एक आवश्यक हस्तक्षेप है।

हाल के वर्षों में, देश भर में स्थानीय प्रशासन व निकाय कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार हो रही चिंताजनक वृद्धि को रोकने में विफल ही रहे हैं। ऐसे में शासन व प्रशासन स्तर पर इस समस्या के निराकरण की कोई सार्थक पहल न होते देख ही, शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार, साल 2023 में तीस लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए गए थे। उसके अगले साल 2024 में रोकथाम के कोई ठोस प्रयास न होने के कारण 37 लाख मामले दर्ज किए गए। आंकड़े बता रहे हैं कि औसतन प्रतिदिन दस हजार घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं कई राज्यों व शहरों में इन घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। अदालत ने गौर किया कि एबीसी ढांचे की शुरुआत के बाद से लगभग दो दशक बीत जाने के बावजूद, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से लगातार बढ़ती आवारा कुत्तों की आबादी को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का विस्तार और सुदृढ़ करने के लिए निरंतर, व्यवस्थित और क्रमिक प्रयासों का स्पष्ट अभाव रहा है।

अदालत ने आवारा कुत्तों से जुड़ी घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को उजागर करने वाली कई समाचार पत्रों की रिपोर्टों का भी हवाला दिया। अदालत ने कहा कि उदयपुर में 2026 में लगभग 1,750 कुत्ते के काटने के मामले दर्ज किए गए, जबकि भीलवाड़ा में एक ही दिन में 42 लोगों को कुत्ते ने काटा। अदालत ने यह भी बताया



कि तमिलनाडु में 2026 के पहले चार महीनों में लगभग 2.63 लाख कुत्ते के काटने के मामले और 17 संबंधित मौतें दर्ज की गईं। पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि यह मुद्दा आवासीय इलाकों से आगे बढ़कर हवाई अड्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों तक फैल गया है, और यह भी बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 1 जनवरी, 2026 से हवाई अड्डे के टर्मिनलों में कम से कम 31 कुत्ते के काटने की घटनाओं को स्वीकार किया है।

केरलम राज्य के आंकड़ों के अनुसार, वहां एक साल के भीतर ही 3.6 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी दिल्ली से सटे नोएडा में कुछ ही महीनों में हजारों शिकायतों के बाद हॉटस्पॉट की पहचान की गई। इन शिकायतों में स्कूलों के पास उनका जमावड़ा होना, चलने में असमर्थ बुजुर्ग नागरिकों का शिकार बनना व आम नागरिकों के आवारा कुत्तों के भय में जीने के मामले उजागर हुए हैं। दरअसल, विगत में भी इस संकट के कारगर समाधान के लिये शीर्ष अदालत ने सख्त निर्देश दिए थे। स्थानीय नगर निगम व नगर पालिकाओं की जवाबदेही तय की थी कि कुत्तों को शेल्टर होम ले जाकर उनकी नसबंदी की जाए और टीकाकरण किया जाए, लेकिन इस दिशा में कारगर पहल होती नजर नहीं आई। वहीं, तस्वीर का दूसरा पहलू है कि यह संकट समाज और संस्थाओं द्वारा जानवरों के प्रति किए जाने वाले व्यवहार में परेशान करने वाली विफलता को भी दर्शाता है। साल 2022 में मत्स्य पालन और पशुपालन मंत्रालय ने संसद में जानकारी दी थी कि देश में सबसे अधिक आवारा कुत्तों की संख्या उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में है, जबकि दादरा और नगर हवेली, लक्षद्वीप और मणिपुर में सड़कों पर कोई भी आवारा कुत्ता नहीं है। हालांकि मंत्रालय ने बताया था कि 2012 के मुक़ाबले 2019 में उत्तर प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या घटकर 20.59 लाख हो गई थी। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानूनी रूप से जानवरों को स्थानांतरित करने पर दिए गए जोर के साथ अब आश्रय स्थलों, नसबंदी केंद्रों, टीकाकरण अभियानों और पशु चिकित्सा सुविधाओं में अधिक निवेश करने की सख्त जरूरत है। निश्चय ही यह चुनौती एक जटिल विषय है। सही मायनों में चुनौती यह भी है कि एक मानवीय, जवाबदेह और प्रभावी आवारा पशु प्रबंधन व्यवस्था का निर्माण किया जाए, जो नागरिकों और कुत्तों, दोनों के हितों की रक्षा कर सके।सदैव से ही कुत्ते की गिनती मनुष्य के वफादार साथी के रूप में की जाती रही है। सदियों से दोनों एक साथ रहे हैं। उन कारणों की भी पड़ताल की जानी चाहिए, जिनके चलते कुत्ते अचानक आक्रामक व्यवहार दिखाने लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों ने समय रहते दूरदर्शिता के साथ काम किया होता, तो आज स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। अदालत के निर्देशों के बाद अब राज्यों और नगर निकायों पर संस्थागत क्षेत्रों को आवारा कुत्तों से मुक्त रखने और प्रभावी नियंत्रण नीति लागू करने का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू इन नियमों को लेकर जहां पशु प्रेमियों में निराशा है वहीं कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं और पीड़ितों को इस आदेश से जरूर खुशी मिली होगी। यह आदेश लागू हैं और अब सख्ती से इनको अमल में लाया जाना बाकी है। देखना है कि इन आदेशों के बाद किस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया जाता है। यह पशु प्रेमियों की बड़ी पहल के परिणाम बदलाव लाने में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत
बाल मुकुन्द ओझा



# आखिर क्यों गुस्सा हो जाते हैं राहुल गांधी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का विवादों से पुराना नाता रहा है। विशेषकर नरेंद्र मोदी के भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद से कांग्रेस नेता राहुल गांधी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाते रहते हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। रायबरेली में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी और देश के गृह मंत्री को 'गद्दार' तक कहा है। राहुल गांधी के हालिया बयानों पर एक नज़र डालें तो पता चलेगा, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर सिर चढ़कर बोलने लगा है। दूसरी तरफ, भाजपा ने भी पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की मानसिकता अर्बन नक्सली जैसी है। राहुल पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे राजनीति के 'राहु' हैं। राहुल गांधी परिवारवाद की उपज हैं। उन्होंने देश का अपमान किया है। राहुल गांधी टुकड़े-टुकड़े गैंग के लीडर हैं। राहुल के बयान उनकी मानसिकता को बताते हैं। राहुल ने देश की जनता का अपमान किया है। इसी बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रधानमंत्री के रूप में वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं।कांग्रेस पार्टी के लोकसभा में 52 से 99 पर पहुaचने के बाद जो गंभीरता पार्टी में आनी चाहिए थी वह कमोवेश देखने को नहीं मिली है। नेता विपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के गुस्से में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे अपने गुस्से का इजहार करने के दौरान जो बातें कह रहे है वे लोगों को हज़म नहीं हो रही है। लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने का कोई भी मौका छोड़ नहीं रहे है।

राहुल गांधी मोदी के बहाने बेसिरपैर के आरोप लगाते तनिक भी नहीं हिचकिचाते । मगर वे यह भूल गए देश की जनता ने नेहरू, इंदिरा और राजीव की भांति मोदी को भी प्रचंड बहुमत के साथ देश का ताज पहनाया है। राहुल को लोग गंभीरता से क्यों नहीं लेते है, यह प्रश्न सियासी क्षेत्रों में तेजी से चर्चित हो रहा है। राहुल गांधी को बहुत गुस्सा आता है जब लोग उन्हें तरह तरह की उपमाओं से नवाजते है। राहुल कई बार यात्राएं निकालकर लोगों के बीच गए। हर तबके के लोगों से मिले। उनका प्यार भी उन्हें मिलाए मगर राजनीति में जो सफलताएं उन्हें मिलनी चाहिए उससे मरहूम रहे। राहुल की दादी इंदिरा गांधी की आवाज में जादू था। उनके पिता राजीव गांधी भी सौम्य व्यवहार और सभ्य भाषा का प्रयोग करते थे, लेकिन राहुल यह जादू अपने भाषणों में जाहिर नहीं कर पाए। लोगों ने तमाम तरह की उपमाओं से उन्हें विभूषित किया। किसी ने पप्पू कहा तो किसी ने शहजादा। आलू से सोना बनाने की किवदंती भी उनसे जोड़ दी गई। राहुल की बहन प्रियंका गांधी ने इस पर भाजपा को कई बार घेरा और कहा मेरा भाई हजारों किलोमीटर पैदल चला है। इस बीच उनके विवादित भाषण भी काफी चर्चा में रहे विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी पर उनकी टिप्पणियां लोगों को हजम नहीं हुई। राहुल ने अपने विवादित बयानों से कई बार मोदी को पटकने की चेष्टा की मगर हर बार उनका दांव खाली गया। चौकीदार चोर से लेकर आरक्षण ख़त्म करने के उनके बयान हवा हवाई साबित हुए। भाजपा का कहना है जब उनकी पार्टी ही उन्हें गंभीरता से नहीं लेती तो हम क्यों लें। चौकीदार चोर, पनोती और जेब कतरा से लेकर अम्बानी अडानी के मुद्दे फेल हो चुके हैं। या यों कहे जनता ने नकार दिए। वे मोदी पर निजी हमले करने से बाज नहीं आते मगर जनता की अदालत में हर बार ठुकरा दिए जाते है। राहुल गांधी की एक दशक की सियासी यात्रा पर दृष्टिपात करें तो पाएंगे कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मोदी पर तरह तरह के आरोप लगाए। राहुल के बयानों पर भाजपा आग बबूला हो रही है वहां इंडि गठबंधन की सहयोगी पार्टियां राहुल के बयानों का समर्थन कर अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रही हैं। राहुल को अपने आरोपों के समर्थन में अपने देश में ही सशक्त आंदोलन कर जनता का समर्थन जुटाना चाहिए मगर चीन जैसे दुश्मन देश के पक्ष में बोलकर देशवासियों की सहानुभूति खो रहे है। गौरतलब है राहुल ने देश की सवैंधानिक संस्थाओं यथा चुनाव आयोग, न्यायालय और प्रेस पर भी समय समय पर हमला बोला है । मोदी और भाजपा की आलोचना खूब कीजिये जनाब, मगर देश को बक्श दीजिये। कांग्रेस में यह क्या हो रहा है ,अपनी पार्टी को संगठित करने के बजाय देश को तोड़ने वाली बातें कर क्या हासिल करेंगे यह समझ से बाहर है। राहुल को चाहिए कि वे अनाप शनाप बयान न देकर अपनी गरिमा बनाएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है। उस समय हमें कोई रास्ता नहीं दिखाई देता है।

अंतर्मन




## आज की पाती

### सिर्फ पेय नहीं, दुनिया की धड़कन है चाय

चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, यह एक संस्कृति है, एक संवाद है और दुनिया के करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। दुनियाभर में पानी के बाद यदि कोई पेय पदार्थ सबसे ज्यादा पसंद और उपभोग किया जाता है तो वह है चाय। सुबह की पहली किरण के साथ नींद को अलविदा कहने से लेकर, दफ्तर की थकान मिटाने और मेहमानों के स्वागत तक, चाय हमारे जीवन का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है। इसी महत्व को रेखांकित करने के लिए हर साल 21 मई को अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'चाय को बनाए रखना, समुदायों का समर्थन करना' न केवल चाय के पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन पर जोर देती है, बल्कि उन लाखों छोटे किसानों और श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने का भी आह्वान करती है जिनकी आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है।

*- शंकर यादव, बलौदाबाजार*


ट्रेंड

### कृषि जीवन की मूल धारा



भारत में कृषि जीवन की मूल धारा और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। हम सिर्फ उत्पादन बढ़ाने के लिए ही नहीं, बल्कि एक ऐसा फार्मिंग इक्कोसिस्टम बनाने के लिए भी काम कर रहे हैं, जो पर्यावरण के अनुरूप हो और भविष्य रेडी हो। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं



हमारी सरकार के दौरान रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा, और इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेज़ी से बढ़ावा दे रहा है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### ऋण को सिबिल से ना जोड़ें



हर बैंक को, मुख्यालय से लेकर शाखा स्तर तक, बता दिया है कि फसल ऋण को सिबिल की शर्तों से नहीं जोड़ा जाए। रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। 'सिबिल' स्कोर से जुड़ी समस्याओं के कारण किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए। **-देवेंद्र फडणवीस,** सीएम महाराष्ट्र

### घुसपैठियों को बीएसएफ को सौंपेंगे




पश्चिम बंगाल में नया नियम लागू हो गया है, जिसके तहत घुसपैठियों को अब अदालतों में नहीं भेजा जाएगा, बल्कि बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ को सौंप दिया जाएगा। प्रदेश मे घुसपैठ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम पश्चिम बंगाल

करंट अफेयर

## कांगो में इबोला संक्रमण का प्रकोप बढ़ने की चेतावनी

पूर्वी कांगो में इबोला संक्रमण से निपट रहे स्वास्थ्यकर्मियों और राहत सहायता समूहों ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि इसका प्रकोप बढ़ सकता है। उन्होंने अधिक आपूर्ति बढ़ाने और अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की अपील की। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि सशस्त्र समूह एक ऐसे क्षेत्र की सुरक्षा को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं जो पहले से ही विस्थापन और मानवीय संकट से जूझ रहा है। अलीमा नामक एक सहायता समूह के बुनिया क्षेत्र समन्वयक हामा अमाडो ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया, 'स्थिति चिंताजनक है क्योंकि संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह कई क्षेत्रों में फैल रहा है। इसलिए सभी को एकजुट होना होगा।' उन्होंने कहा, 'हम अभी नहीं कह सकते कि स्थिति नियंत्रण में है।' स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इबोला वायरस के बुंडीबुग्यो प्रकार से निपटने के लिए कोई टीका या दवा उपलब्ध नहीं है, जो पहली ज्ञात मौत के बाद हफ्तों तक बिना पता चले फैलता रहा। इबोला वायरस के संक्रमण से अब तक 139 संदिग्ध मौतें हुई हैं और लगभग 600 संदिग्ध मामले सामने आए हैं।




ऑफ बीट

## कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक

अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दिल्ली आते ही ली मंत्रिपरिषद की अहम बैठक, हर मंत्री के 'रिपोर्ट कार्ड' पर बात

## 5 देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 देशों की अपनी महत्वपूर्ण कूटनीतिक यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं। दिल्ली पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने बिना समय गंवाए 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस साल मंत्रिपरिषद की यह पहली बैठक है, जो कई मायनों में बेहद अहम मानी जा रही है। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब आगामी 9 जून को मोदी सरकार अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे करने जा रही है, जिससे राजनीतिक गलियारों में जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आम जनता के कल्याण के लिए हर क्षेत्र में सुधार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के कामकाज, अब तक लिए गए फैसलों और उनके नतीजों की विस्तृत समीक्षा की। यह बैठक मौजूदा वैश्विक संकट के दौर में हुई है, जिसका असर भारत पर भी पड़ रहा है। यही वजह है कि सरकार कच्चे तेल की कीमतों, ईंधन की निर्बाध आपूर्ति और बढ़ती लागत जैसी गंभीर चिंताओं पर पैनी नजर बनाए हुए है।

### देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

पश्चिम एशिया में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारत सरकार ने नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय तथा पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और ईंधन वितरण व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी।

### फारस की खाड़ी में नाविक सुरक्षित

सरकार ने बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय ने अब तक 3,316 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी में मदद की है, जिनमें पिछले 72 घंटों में लौटे 99 नाविक भी शामिल हैं। पिछले तीन दिनों में करीब 1.32 करोड़ सिलेंडरों की बुकिंग के मुकाबले 1.34 करोड़ सिलेंडर वितरित किए गए।

# 'हाथरस 16 डेज़' डॉक्यूमेंट्री के बाद फिर गरमाया हाथरस कांड

### महिला कांग्रेस ने जांच दोबारा खोलने की मांग की, बोली- सबूत मिटाने की हुई कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

महिला कांग्रेस ने चर्चित हाथरस गैंगरेप मामले की जांच दोबारा शुरू करने और नए सिरे से जांच कराने की मांग की है। महिला कांग्रेस का कहना है कि हाल ही में जारी डॉक्यूमेंट्री "हाथरस 16 डेज़" में ऐसे खुलासे हुए हैं, जो पूरे मामले में प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने उत्तर प्रदेश की सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि 2020 के हाथरस गैंगरेप मामले में दलित पीड़िता को न्याय दिलाने के बजाय सबूत मिटाने और मामले को कमजोर करने की कोशिश की गई।

**यह कहा लांबा ने :** अलका लांबा ने कहा कि 14 सितंबर 2020 को दलित युवती के साथ गैंगरेप हुआ था और बाद में 29 सितंबर को दिल्ली के में उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि 30 सितंबर की रात करीब ढाई बजे प्रशासन ने परिवार की गैरमौजूदगी में पीड़िता के शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उन्होंने याद दिलाया कि पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे और को भी पुलिस ने रास्ते में रोक दिया था।

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-81/544 — Raipur, Dtd 20/05 /2026

**E-TENDER NOTICE NO. TN-81/2026-27**

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Submission Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | MW-105/26-27 8100051659 (With RLA) | Round the year Maintenance contract for ESP, Duct, Dampers, Gate & Blowers of 2x500MW ABV TPS Marwa, Janjgir Champa. | 15.06.2026 Up to 15:00 Hrs |
| 2. | EW-106/26-27 8100051674 (With RLA) | Daily Cleaning of TG Hall & its Associated Building of Unit No.1 to 5 of 4x210 MW and 1x500 MW HTPS, Korba West | 18.06.2026 Up to 15:00 Hrs |

For details please visit our website **https://cspc.co.in** or e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

**NAGAR PANCHAYAT KUNKURI, DIST-JASHPUR C.G**
**E-Procurement Tender Notice (1ST Call)**

NIT NO: 174/2026 — KUNKURI, Dated 18.05.2026

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/supply works up to date 10.06.2026 at 17.30 Hours

| System tender No. | Description | P.A.C |
|---|---|---|
| 191235 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunkuri under SBM 2.0 | 487.15 LACS |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** From 19.05.2026 at 10:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PANCHAYAT KUNKURI**

# 'नेताओं पर कार्टून-व्यंग्य लोकतंत्र का हिस्सा, नहीं रोका जा सकता इसे'

## पार्टी बदलने पर ट्रोल हुए राघव को दिल्ली हाई कोर्ट ने दिया झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



बीजेपी सांसद राघव चड्ढा को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। पर्सनैलिटी राइट्स केस मामले में हाई कोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट का साफ कहना है कि राजनीतिक नेताओं पर की जानी वाली टिप्पणी, व्यंग्य या आलोचना करना लोकतंत्र का अहम हिस्सा है और इन्हें सिर्फ इसलिए नहीं रोका जा सकता क्योंकि वे किसी को पसंद नहीं आ रहे या असहज कर रहे हैं। हाई कोर्ट उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें राघव ने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उनकी तस्वीर, नाम और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। याचिका में कहा गया था कि उनके द्वारा राजनीतिक दल बदलने की वजह से सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ सिस्टमैटिक तरीके से अभियान चलाया गया और उनके छवि को नुकसान पहुंचाया गया।

### मानहानि का दावा जोड़ने की अनुमति

बीजेपी सांसद राघव की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव न्ययर ने दलील दी कि सोशल मीडिया पोस्ट्स में उन्हें पैसे के लिए पार्टी बदलने वाला दिखाया गया, जो निष्पक्ष आलोचना की सीमा से बाहर है। आखिर में कोर्ट ने इस मामले में न्याय-मित्र नियुक्त करने की भी बात कही और अंतरिम आदेश को सुरक्षित रखा. इसके साथ ही राघव चड्ढा को मानहानि का दावा जोड़ने की अनुमति दी।

### फैसलों की आलोचना होना सामान्य बात

दिल्ली हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद कर रहे थे। उन्होंने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि राजनीतिक शख्स द्वारा लिए गए फैसलों की आलोचना होना सामान्य बात हैं। वह पब्लिक स्पेस में हैं। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि ये मामला पर्सनैलिटी राइट्स केस का नहीं है। अगर किसी को लगता है कि उसके छवि खराब की गई तो वह मानहानि का मामला दायर कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने देश के मशहूर कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण का भी जिक्र किया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही राजनीतिक व्यंग्य और कार्टून लोकतांत्रिक चर्चा का हिस्सा रहे हैं। पहले डिजिटल प्लेटफॉर्म्स नहीं था, अब हैं इसलिए आलोचना डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर दिखाई देती है।

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24 कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018**
फोन - 0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/ मंडी कांकेर/57-02/26-27/1228 — रायपुर, दिनांक 21/05/2026

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

कृषि उपज मंडी समिति कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 15.06.2026**
**फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 22.06.2026**

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | मंडी समिति कांकेर के उप मंडी प्रांगण अमोड़ा में 200 मे. टन गोदाम- 01 नग निर्माण कार्य **(तृतीय आमंत्रण)** | 12.11 | लो.नि.वि. भवन / विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015/ 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर । |
| 2 | मंडी समिति कांकेर के उपमंडी प्रांगण सरोना में बाउण्ड्रीवाल 290 रनिंग मीटर सह 04 नग गेट निर्माण । **(द्वितीय आमंत्रण)** | 21.81 | |
| 3 | मूल मंडी प्रांगण कांकेर में एम.आई.जी. टाईप आवासीय भवन (भूतल एवं प्रथम तल में कुल 06 नग), 200 मि.टन व 150 मि. टन क्षमता गोदाम, सी.सी. सड़क (1330 वर्ग मी.), पूर्व निर्मित 21 नग सेण्ड्री शॉप का मरम्मत कार्य तथा अमोड़ा लेम्पस में 200 मिटन गोदाम निर्माण कार्य । | 156.19 | लो.नि.वि. भवन / विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015/ 01.07.2015 एवं सड़क कार्य दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस. ओ. आर. पर । |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है ।

सही /-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

सही /-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर

S-47895/1

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर**

**// दावा-आपत्ति //**



1. बच्चे का नाम :- बालिका कु. पलक मानिकपुरी (परित्यक्त)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 18/02/2026
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवा भारती मातृछाया कोटा, रायपुर
4. रंग :- सांवला
5. उम्र :- 05 वर्ष 03 माह 10 दिन

उक्त बालिका दिनांक 18/02/2026 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./2413/बा.क.स./2025-26 रायपुर दिनांक 18/02/2026 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनांक से 120 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू में, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**मो.न.-07714033397**

G-262700912/1

## राजनाथ ने वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

# सियोल में भारतीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन, शहादत की याद

एजेंसी ▶▶ सियोल



युद्ध स्मारक का उद्घाटन करते राजनाथ सिंह और क्वोन यूल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने बुधवार को सियोल के इमजिनगैक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर निर्मित यह स्मारक भारतीय सैनिकों के साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है। यह स्मारक कोरियाई युद्ध के दौरान भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया (सीएफआई) की वीरता और मानवीय योगदान की याद में बनाया गया है। भारतीय युद्ध स्मारक उसी क्षेत्र में स्थापित किया गया है जहां 1954 में सीएफआई ने 'हिंद नगर' की स्थापना की थी। यहां लगभग 22 हजार युद्धबंदियों को शांतिपूर्ण प्रत्यावर्तन तक रखा गया था। इस परियोजना को भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से विकसित किया गया है।

### साझा इतिहास दोनों देशों के बीच मजबूत नींव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरियाई प्रायद्वीप में शांति स्थापना और मानवीय सहायता में भारत की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिकों के योगदान को याद करना दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी समझ और ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करता है। स्मारक निर्माण में सहयोग के लिए उन्होंने दक्षिण कोरिया सरकार और वहां के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय का आभार जताया। कोरियाई युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और आपसी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर सैनिकों के बलिदान और योगदान पर आधारित एक संस्मरण भी जारी किया गया।

### गंगा प्रदूषण स्तर में आया बड़ा सुधार : नमामि गंगे

**नयी दिल्ली।** गंगा नदी के समुद्र में गिरने से पहले उसके मुख्य प्रवाह मार्ग के अंतिम राज्य पश्चिम बंगाल में पिछली राज्यों से अपशिष्ट और औद्योगिक भार बढ़ने के बाद भी उसके प्रदूषण के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। नमामि गंगे परियोजना में यह दावा किया गया है। स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पश्चिम बंगाल में नदी का अंतिम भाग हिमालय से घनी आबादी वाले गंगा बेसिन से होकर बहने वाली हर चीज को अपने साथ लाता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना।**

(आ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/06/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 06 ACR in Boys Residential Upgraded High School Chhipadohar at Latehar District. | 1,28,72,800 | 2,58,000 | 10,000 | 9 माह |
| 2 | Construction of 50 Bedded Hostel of Boy's Residential Upgraded High School Hendehas, Block Barwadih, Dist Latehar | 2,25,80,200 | 4,52,000 | 10,000 | 12 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.05.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.06.2026 से दिनांक 13.06.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.06.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 380361 (Rural Development) 26-27 (D)

**प्रारूप- 01**
**(नियम 11 देखे)**
**कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद (छ.ग.) एवं पदेन उपसचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

गरियाबंद, दिनांक 08/05/2026

**भूमि-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापना में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकारी अधिनियम 2013 की धारा 4 सह पठितनियम 7 के अंतर्गत**

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोकप्रयोजना हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है अर्थात :-

| जिला | तहसील | ग्राम / नगर | क्षेत्रफल (हे) | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| गरियाबंद | अमलीपदर | गोलामाल | 15.95 हे. | भेजीपदर व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर निर्माण हेतु |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जनसुनवाई (दिनांक) 25/05/2026 को (समय) 11:00 बजे से (स्थान) गोलामाल पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-
(01) लोक प्रयोजन का संक्षिप्तविवरण - भेजीपदर व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर निर्माण कार्य।
(02) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - 63
(03) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - निरंक
(04) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या - निरंक।
(05) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथाअन्य परिसम्पत्तियों की अनुमानित संख्या - निरंक।
(06) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है- हॉ
(07) क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है-हाँ
(08) परियोजना की लागत - 2977.74 लाख।
(09) परियोजना से होने वाला लाभ-कृषको को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना।
(10) प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय-निरंक।
(11) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक - निरंक।

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति की कोई जानकारी / सुझाव देना हो, तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

भू-अर्जन अधिकारी
मैनपुर

कलेक्टर गरियाबंद
एवंपदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

G-262700898/2

## राहुल की 'टॉफी' वाली टिप्पणी और 'गद्दारी' जैसे शब्दों पर भाजपा ने किया पलटवार

### केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा 'गालियां कमजोरों का हथियार हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि एक तरफ तो पूरी दुनिया भारत और प्रधानमंत्री को बड़े भरोसे की नजर से देखती है, दूसरी तरफ, नकारात्मक सोच वाले राहुल गांधी अपने बयानों और भाषणों में बार-बार अपना यही स्वभाव और चरित्र दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता है, जबकि गांधी अपने बयानों में लगातार नकारात्मक मानसिकता व्यक्त कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी की 'टॉफी' वाली टिप्पणी और 'गद्दारी' जैसे शब्दों के इस्तेमाल की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि 'गालियां कमजोरों का हथियार हैं'। उन्होंने राहुल की नकारात्मक मानसिकता के विपरीत प्रधानमंत्री मोदी के सफल पांच देशों के दौरे की सराहना की, जिससे भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा) जिला महासमुंद छत्तीसगढ़**
**Email: miningmahasamund@gmail.com**

क्रमांक 757 / क / खलि. / रेत / नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन) / 2026 — **::: निविदा आमंत्रण सूचना :::** — महासमुंद, दिनांक 19.05.2026

**गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन पट्टा आबंटन की इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रपत्र**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला महासमुंद छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों की निविदा आमंत्रित किया जाता है।

इलेक्ट्रॉनिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, **दिनांक 10.06.2026 (10.00AM) से 16.06.2026 (05.30PM ) (07 दिवस) तक जमा** की जाएगी। बोलियां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी ( रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से आबंटित किये जाने हेतु प्रस्तावित रेत खनन क्षेत्र की जानकारी निम्नानुसार है

**जिले का नाम – महासमुंद**

| क्र. | खदान का नाम | ग्राम/ ग्राम पंचायत | तहसील | खसरा नं. | रकबा (हेक्टेयर में) | इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) का दस्तावेज एवं प्रक्रिया शुल्क हेतु राशि (रूपये में) | उच्चतम निर्धारित मूल्य (सीलिंग प्राईस) | बोली प्रतिभूमि राशि (Bid Security) (रूपये में) | कार्यपालन प्रतिभूमि राशि (Performace Security) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **Event No. - MSTC / RPR / Chhattisgarh/Mahasamund Tender / 1 / 26-27/9526** | | | | | | | | | |
| 1 | चिंगरौद | चिंगरौद / चिंगरौद | महासमुंद | 2279 का भाग | 5.00 | 10,000/- | 216 रू. प्रति घनमीटर | 1. कार्यपालन प्रतिभूति का बीस प्रतिशत (1,00,000 रू.) 2. पैतींस प्रतिशत से कम बोली लगाने पर बोली प्रतिभूति राशि कार्यपालन प्रतिभूति का चालीस प्रतिशत (2,00,000 रू.) | 1,00,000/- प्रति हेक्टेयर या उसके किसी भाग के लिये अर्थात 5,00,000 रू. |
| **Event No. - MSTC / RPR / Chhattisgarh/Mahasamund Tender / 2/26-27/9527** | | | | | | | | | |
| 2 | पासीद | पासीद / पासीद | महासमुंद | 01 का भाग | 4.80 | 10,000/- | 216 रू. प्रति घनमीटर | 1. कार्यपालन प्रतिभूति का बीस प्रतिशत (1,00,000 रू.) 2. पैतींस प्रतिशत से कम बोली लगाने पर बोली प्रतिभूति राशि कार्यपालन प्रतिभूति का चालीस प्रतिशत (2,00,000रू.) | 1,00,000/- प्रति हेक्टेयर या उसके किसी भाग के लिये अर्थात 5,00,000 रू. |

1.0 महत्वपूर्ण
1.1 बोली लगाने वाला प्रत्येक व्यक्ति / कंपनी / फर्म / सोसाइटी / सहकारी सोसाइटी बोली लगाने के पूर्व रेत खदान की भौगोलिक स्थिति, खनिज की उपलब्धता और गुणवत्ता, पहुंच मार्ग (निजी भूमि होने की स्थिति में) आदि के बारे में पूर्ण रूप से स्वयं को आश्वस्त कर लें। इस संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति / शिकायतें नीलामी / आबंटन की किसी भी चरण में स्वीकार नहीं की जायेगी।
1.2 इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की निबंधन, शर्ते, उत्खननपट्टा हेतु प्रस्तावित क्षेत्र से संबंधित दस्तावेज एवं अन्य सुसंगत जानकारी जिला कार्यालय की वेबसाईट **https://mahasamund.gov.in** तथा कार्यालय **कलेक्टर (खनि शाखा) महासमुंद** से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी।
संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

**कलेक्टर**
**जिला महासमुंद**

G-262700901/1

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन पंचमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-436**

**क्रमांक 2337 / निविदा / ग्रा.यां. सेवा / 2026 — रायपुर, दिनांक 20/05/2026**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "अ" पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 27/05/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191392 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 30.00 lakh) at Sub Division Arang Zone-B Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20/05/2026 से देखी जा सकती है।

**टीप :-** मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 29/05/2026 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

G-262700908/2



आइसक्रीम तो तुम बच्चों को खूब पसंद आती है। इस भीषण गर्मी में अलग-अलग फ्लेवर की ठंडी-ठंडी यमी आइसक्रीम मिल जाए तो क्या कहने! आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ फेमस आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

# अलग शेप्स-अनूठे फ्लेवर्स वाली यमी आइसक्रीम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, दुनिया भर में आइसक्रीम के ऐसे कई प्रकार हैं, जो अपने स्वाद और बनावट के कारण बहुत मशहूर हैं। आज हम तुम्हें अलग-अलग देशों की कुछ टेस्टी और अनोखी आइसक्रीम्स के बारे में बता रहे हैं।

## दोंदुरमा आइसक्रीम तुर्किए

तुर्किए देश की दोंदुरमा आइसक्रीम अपनी खास 'खिंचाव' वाली बनावट के लिए जानी जाती है। इसमें दूध और चीनी के साथ 'सालेप' और 'मस्टिक' नामक सामग्री को मिलाया जाता है। सालेप इसे गाढ़ा बनाता है, मस्टिक इसे च्युइं



(च्विंग-गम की तरह) बनाता है। 'सालेप' (जंगली ऑर्किड की जड़ का पावडर) मिलाने की वजह से यह जल्दी पिघलती नहीं है। दोंदुरमा आइसक्रीम को बनाने के लिए इसे लोहे की छड़ों से लगातार फेंटा और पीटा जाता है, जिससे यह इतनी सख्त हो जाती है कि इसे हुक पर लटकाया जा सकता है। यह खाने में थोड़ी सख्त और इलास्टिक जैसी लगती है। अब तो अपने देश में भी कुछ शॉपिंग मॉल्स और कई बड़ी मार्केट्स में भी यह आइसक्रीम खाने के लिए मिल जाती है।

## स्पैगेटी आइसक्रीम जर्मनी

यह आइसक्रीम दिखने में बिल्कुल इटैलियन स्पैगेटी पास्ता जैसी लगती है, लेकिन असल में यह वनीला आइसक्रीम



होती है। इसे एक मशीन से नूडल्स जैसा आकार दिया जाता है, ऊपर से टोमैटो सॉस जैसा दिखने वाला स्ट्रॉबेरी सॉस और सफेद चॉकलेट के टुकड़े डाले जाते हैं। इसे सन 1960 के दशक में डारियो फोंटानेला नाम के शख्स ने बनाया था। अकसर इसके बेस में व्हिप्ड क्रीम छिपी होती है, जो स्वाद को और बढ़ा देती है।

## आई-टिम-पैड आइसक्रीम थाईलैंड

आई-टिम-पैड आइसक्रीम की शुरुआत थाईलैंड के स्ट्रीट मार्केट्स में लगभग 2009-2010 के आस-पास हुई थी। इसे बनाने की प्रक्रिया को 'कोल्ड स्टोन' तकनीक कहते हैं। इसका वीडियो यू-ट्यूब और इंस्टाग्राम पर इतना वायरल हुआ कि यह थाईलैंड से बाहर भी लगभग पूरी दुनिया के कई देशों के मॉल्स में भी बिकने लगी। इस आइसक्रीम को 'रोल्ड आइसक्रीम' के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक ठंडी धातु



की प्लेट पर दूध और फ्लेवर डालकर बनाया जाता है। फिर इसे तब तक खुरचा जाता है, जब तक यह जम न जाए। इसके बाद फिर इसे पतले रोल में बदल दिया जाता है। यह आइसक्रीम देखने में जितनी मजेदार है, खाने में उतनी ही टेस्टी भी लगती है।

## आइसक्रीम सैंडविच सिंगापुर

सिंगापुर में आइसक्रीम खाने का तरीका जरा हटके है। यहां सड़क किनारे आइसक्रीम विक्रेता आइसक्रीम का एक बड़ा आयताकार टुकड़ा काटते हैं, इसे रंगीन मीठी ब्रेड के स्लाइस



में लपेटकर या दो वेफर्स के बीच रखकर देते हैं। यह सिंगापुर में एक बेहद सस्ता और लोकप्रिय स्ट्रीट फूड है। इसमें लगाई जाने वाली ब्रेड थोड़ी मीठी और अकसर रंगीन (जैसे गुलाबी या हरा) होती है। सैंडविच आइसक्रीम कॉर्न (मक्का), डूरियन (एक तीखी गंध वाला फल) और यम जैसे अनोखे फ्लेवर्स में भी मिलते हैं।

## फालूदेह आइसक्रीम ईरान

फालूदेह दुनिया की सबसे पुरानी फ्रोजन डेजर्ट्स में से एक है। यह फारस (अब ईरान) की एक शानदार ठंडी मिठाई है,



जो 400 ईसा पूर्व के समय से चली आ रही है। फालुदेह पारंपरिक आइसक्रीम जैसी नहीं होती। इसमें चावल के आटे के बने नूडल्स होते हैं, जिन्हें सेमी-फ्रोजन सिरप में मिलाया जाता है। इसमें गुलाब जल मिलाकर इसे खट्टे चेरी, सॉस या नीबू के रस के साथ परोसा जाता है। यह पारंपरिक आइसक्रीम की तरह क्रीमी नहीं, एक गाढ़े शर्बत जैसा एहसास देती है।

### सबसे महंगी आइसक्रीम

बच्चो, जापान की बयाकुया दुनिया की सबसे महंगी आइसक्रीम है। इसकी कीमत भारतीय मुद्रा में करीब 5.3



लाख रुपए है। इस आइसक्रीम के महंगे होने की एक वजह यह भी है कि इसमें व्हाइट ट्रफल और सोने की परत का इस्तेमाल किया जाता है।

## होकी पोकी आइसक्रीम न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के लोग आइसक्रीम के बेहद शौकीन होते हैं। यहां की सबसे प्रसिद्ध आइसक्रीम 'होकी पोकी' है। वैसे तो यह



साधारण वनीला आइसक्रीम होती है, लेकिन इसमें हनीकॉम्ब टॉफी के कुरकुरे टुकड़े मिलाए जाते हैं, जिससे इसका स्वाद अनूठा हो जाता है। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ

आइसक्रीम का लुत्फ उठाओ
लुत्फ उठाओ गोलू!
पिस्ता, केसर, चॉकलेट की
मैंगो, रबड़ी वाली,
स्ट्रॉबेरी और वनीला
ओरेंज बड़ी निराली,
अब खरीद कर इनको खाओ
इनको खाओ गोलू!
सस्ती भी हैं, महंगी भी हैं
जैसी चाहो लेना,

इस गर्मी की ऋतु में लेकिन
भुला न इनको देना,
फौरन घर से बाहर आओ
बाहर आओ गोलू!
तुम्हें पता ये कैसे बनतीं
क्या-क्या चीज मिलाते,
दूध, मलाई, चीनी, खोया
फ्लेवर डाले जाते,
अपने मुख का स्वाद बढ़ाओ
स्वाद बढ़ाओ गोलू!



तुम्हारे लिए नई किताब / नीलम राकेश

## बालिकाओं की रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चों के लिए नागेश पांडेय 'संजय' के कई कहानी संग्रह आ चुके हैं। इनके संपादन में तुम्हारे लिए एक और कहानी संग्रह आया है - 'बालिकाओं की रोचक कहानियां'। इसमें उन्होंने देश के कई जाने-माने बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की हैं, जो बालिकाओं को केंद्र में रखकर लिखी गई हैं। ये कहानियां रोचक तो हैं ही, प्रेरक भी हैं।



क्षमा शर्मा की कहानी 'दिवाली के दिन' में किशोरियों को यह समझ दी गई है कि माता-पिता और भाई ही उनके असली शुभचिंतक होते हैं। दिविक रमेश ने बालिकाओं पर जरूरत से ज्यादा नियंत्रण को लेकर 'रितु के पापा' शीर्षक से एक कहानी लिखी है। प्रकाश मनु की मनोरंजक कहानी 'खीर खाई टेडी बीयर ने' पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। शकुंतला कालरा की कहानी 'मदर्स-डे' में यह संदेश है कि भावनाएं अमूल्य होती हैं, भावनाओं की कीमत को भावनाओं से ही चुकाया जा सकता है। सूर्यनाथ सिंह की कहानी 'नानू का ननिहाल' में बच्चों को सैर-सपाटे का आनंद तो मिलेगा ही, अंधविश्वासों से सतर्क रहने की शिक्षा भी मिलेगी। समीर गांगुली की कहानी 'फूलों की खोज' बताती है, हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। देवेंद्र कुमार की कहानी 'झुमकी का सपना' पढ़कर तुम झुमकी की तरह किसी लड़की का सपना पूरा करने के लिए प्रेरित होगे। उषा यादव की कहानी 'समय की कीमत' का संदेश है, हमें हमेशा समय का महत्व समझना चाहिए। इस कहानी संकलन में संपादक नागेश पांडेय 'संजय की भी एक कहानी 'मुझे कोई प्यार नहीं करता' पढ़ने को मिलेगी, जिसमें बताया गया है, अपने से छोटों को मिलते प्यार से ईर्ष्या नहीं करनी चाहिए।

इनके अलावा इस किताब में संकलित अन्य लेखकों की कहानियां पढ़कर भी तुम्हें अच्छी सीखें मिलेंगी। *

**किताब:** बालिकाओं की रोचक कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** लवकुश प्रकाशन, लखनऊ



कहानी
विजयवीर सहाय

निधि, ऋद्धि और सिद्धि के पापा बहुत बड़े वैज्ञानिक थे। पापा ने अपनी तीनों बेटियों के कान के पीछे एक ऐसी अनोखी चिप लगा रखी थी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इस चिप और अपनी हिम्मत-समझदारी से तीनों बहनों ने अपने पापा को तो खतरे से बचाया ही, देश की रक्षा भी की। पढ़ो, तीन साहसी लड़कियों की कहानी।

## चमत्कारी चिप




एआई इमेज

तीन बहनें थीं-निधि, ऋद्धि और सिद्धि। इनके पापा रवि एक बड़े वैज्ञानिक थे। उन्हें कई पुरस्कार और सम्मान मिल चुके थे। वह हरदम इंसानों की भलाई और देश की सुरक्षा के लिए नई-नई खोजों में लगे रहते। दिन में ऑफिस की प्रयोगशाला में काम करते तो रात में काम करने के लिए उन्होंने एक छोटी-सी प्रयोगशाला घर में बना रखी थी। अपने पापा को देखकर निधि-ऋद्धि-सिद्धि को भी विज्ञान में ज्यादा ही रुचि हो गई थी। स्कूल में साइंस की टीचर तरह-तरह के जो प्रयोग करके दिखातीं, उन्हें वे बड़े गौर से देखतीं। घर में रेडियो, टीवी और मोबाइल में आवाज और चित्र कैसे आते हैं? इस तरह के सवाल तीनों अपने पापा से पूछती रहती थीं। पापा भी उनकी जिज्ञासा शांत किया करते थे। वह अपने बच्चों को विज्ञान संबंधी पत्रिकाएं और किताबें लाकर दिया करते थे। निधि-ऋद्धि-सिद्धि की जिज्ञासा को देखते हुए पापा ने उन्हें घर की प्रयोगशाला में जाने की अनुमति दे रखी थी। पापा ने तीनों बहनों के कान के पीछे एक चिप लगा दी, जिससे वे सामने वाले के मन की बात पढ़ सकती थीं। इसके अलावा इस चिप के जरिए बिना बोले मानसिक तरंगों से एक-दूसरे तक अपनी बात पहुंचा सकती थीं। इससे उन्हें आपस में बात करने में बड़ा मजा आता। कभी किसी सामने वाले के मन की बात पता लगने पर पहले ही उसकी बात बोल देतीं और तब उसकी अचंभित सूरत देखकर खूब हंसतीं।

इन दिनों पापा एक ऐसी गैस का आविष्कार करने में जुटे थे, जो आपस में लड़-झगड़ रहे, हिंसा कर रहे लोगों पर छोड़ी जाए तो तुरंत वे यह सब छोड़कर शांति और दोस्ती का व्यवहार करने लगें। उनका कहना था कि जब लाफिंग गैस से लोगों को हंसाया जा सकता है या किसी गैस से उन्हें गुस्सैल और हिंसक बनाया जा सकता है तो ऐसी गैस क्यों नहीं बन सकती, जो लोगों के गुस्से को प्रेम और शांति की भावना में बदल दे?

एक दिन पापा दो बिल्लियों को प्रयोगशाला में लाए और एक गैस उनकी नाक के पास स्प्रे कर दी। कुछ ही पलों में दोनों गुर्रा कर एक-दूसरे पर हमला करने लगीं। फिर पापा ने दूसरे कंटेनर से गैस स्प्रे किया तो दूसरे ही पल वे शांत होकर आपस में प्यार से खेलने लगीं। यह देखकर पापा खुशी से उछल पड़े। तीनों बेटियों की तरफ देखकर बोले, 'अरे वाह, देखो-देखो सफल हो गई मेरी मेहनत।' निधि, ऋद्धि और सिद्धि ने भी तालियां बजाकर अपने पापा को बधाई दी।

एक दिन चार लोग पापा से मिलने आए। उन्हें ड्रॉइंगरूम में बैठाया गया। पापा उस समय प्रयोगशाला में थे। निधि उन्हें बुलाने चली गई और ऋद्धि मेहमानों के लिए पानी लेकर गई। पानी के गिलास उन्हें पकड़ा कर एक ओर खड़ी हो गई कि गिलास खाली हो जाएं तो वह वापस ले जाए।

तभी उसकी नजर उनके चेहरों पर पड़ी और उसके दिमाग से जुड़ी चिप ने संकेत दिया कि ये अच्छे लोग नहीं हैं। घर में खतरनाक इरादे से आए हैं। उसने तुरंत निधि को संदेश भेजा कि पापा को यहां आने से रोक दे, पर तब तक पापा दरवाजे से अंदर आते दिखे। ऋद्धि वहीं रुक गई और निधि को संदेश भेजा कि प्रयोगशाला से नई गैस वाला कंटेनर लेकर आए और सिद्धि को संदेश भेजा कि पुलिस को फोन करके तुरंत यहां आने को कहे। पापा के ड्रॉइंग रूम में आते ही चारों लोग एक साथ उठे और एक ने ऋद्धि को पकड़ कर उसका मुंह दबा दिया और दो लोगों ने उठकर पापा को दबोच लिया, चौथे ने उनकी कनपटी पर रिवॉल्वर सटाते हुए कहा, 'अपना नया फॉर्मूला तुरंत हमारे हवाले कर दो, शोर मचाया तो गोली मार दूंगा।'

'मार दो गोली, कोई फॉर्मूला तुम लोगों को नहीं दूंगा।' पापा ने दृढ़ता से कहा।

'अच्छा तो ऐसे नहीं मानोगे, ऐ जरा इनको समझाना तो..।' कहते हुए एक ने रिवॉल्वर वाले को इशारा किया। तभी निधि ने वहां आकर कंटेनर से ढेर सारी गैस स्प्रे कर दी। अगले ही पल उन्होंने पापा को छोड़ दिया और बड़े आदर के साथ हाथ जोड़कर एक बोला, 'सर, आप अपना फॉर्मूला हमें दे दीजिए, वर्ना हमारा बॉस हमारी जान ले लेगा।'

'जान तो हम भी नहीं छोड़ेंगे, न तुम लोगों की और न तुम्हारे बॉस की। चुपचाप हमारे साथ पुलिस स्टेशन चलो।' पुलिस इंस्पेक्टर ने कुछ सिपाहियों के साथ अंदर आते हुए कहा। सिपाहियों ने लपक कर चारों को हथकड़ी लगा दी और साथ लेकर चले गए। पूछताछ में पता चला कि चारों किसी खतरनाक गैंग के सदस्य थे, जो पापा की नई खास खोज का फॉर्मूला लेकर दुश्मन देश के हाथ बेचना चाहते थे। पापा की खोजी नई गैस, चमत्कारी चिप और निधि, ऋद्धि, सिद्धि की हिम्मत और समझदारी ने सब बदमाशों को पकड़वा दिया। अखबार, टीवी और रेडियो समाचारों में पापा की खोज और तीनों बहनों की हिम्मत और समझदारी की खूब तारीफ हुई। *

## बूझो तो जानें



1
फल पाचन का पावर हाउस,
इसमें पेपीन एंजाइम होता।
पेट की गैस, एसिडिटी मिटाता,
पकने पर रंग पीला होता।

2
फाइबर का भरपूर खजाना,
करता सही है पाचन तंत्र।
विटामिन सी भरपूर है इसमें,
स्वास्थ्य का देता सुंदर मंत्र।

3
ब्रोमोलिन एंजाइम इसमें,
प्रोटीन पचाने में है सहायक।
विटामिन सी है, मैंगनीज भी,
सिर पर मुकुट सजाए नायक।

4
रात भिगो दें, प्रातः खाएं।
हाई बीपी रोग भगाएं।
खराब कोलेस्ट्रॉल घटाता।
नियमित सेवन स्वास्थ्य प्रदाता।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर - 1 पपीता 2 अमरूद 3 अनानास 4 बादाम

## जीके क्विज-206



1. तमिलनाडु के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
2. अमेरिका की खोज किसने की थी?
3. शतरंज के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
4. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?
5. बाणभट्ट किस शासक के दरबारी कवि थे?
6. स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. पेड़-पौधे किस रासायनिक प्रक्रिया द्वारा अपना भोजन बनाते हैं?
9. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
10. किस ग्रह को पृथ्वी की जुड़वा बहन कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-206 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-205 का उत्तर :** 1. शुभेंदु अधिकारी, 2. सोमनाथ मंदिर, 3. असम, 4. उत्तर प्रदेश, 5. शाहजहां, 6. राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, 7. सोडियम, 8. ओटावा, 9. हरा, 10. जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-205 का सही उत्तर देने वाले :** डिगेंद्र-रायपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, वर्णिका-खैरागढ़, कीर्ति-ईमेल से, कबीर-हिसार, पूरब-बिलासपुर, महक-रोहतक, सचिन-महासमुंद, सौरभ-बालोद, रोहित-दुर्ग

## रंग भरो-202

**रंग भरो-202** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तन्वी, महेंद्रगढ़



आन्या, दुर्ग



ईशान, ईमेल से



दिशा, बिलासपुर



सोनम, रायपुर



रशिका, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आराध्या-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, कुसुम-रोहतक, प्रिया-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, अतुल-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, आदर्श-रोहतक

## रंग भरो 203



बच्चो, यहां जंबो हाथी का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### लेंसकार्ट का लाभ 7.5 फीसदी घटकर 203.6 करोड़ रुपए





**नई दिल्ली।** चश्मा कंपनी लेंसकार्ट का 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 7.5 प्रतिशत घटकर 203.6 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले साल इसी तिमाही में 220.1 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया था।

### एनवीडिया के नतीजे बेहतर एआई चिप मांग का असर




**न्यूयॉर्क।** कृत्रिम मेधा (एआई) चिप विनिर्माता एनवीडिया के तिमाही नतीजों ने एक बार फिर वॉल स्ट्रीट के अनुमानों को पार कर लिया। इसकी मुख्य वजह उच्च-स्तरीय एआई चिप की भारी मांग रही। कंपनी ने बुधवार को कहा कि फरवरी-अप्रैल तिमाही में उसने 58.32 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 2.39 डॉलर की कमाई की।

### जेएसडब्ल्यू सीमेंट का लाभ बढ़कर 361.65 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ कई गुना की वृद्धि के साथ 361.65 करोड़ रुपये रहा। जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने 2024-25 की समान तिमाही में 16.21 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

# 'मेलोडी' की मांग में आए उछाल के बाद पारले ने उत्पादन बढ़ाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पारले प्रोडक्ट्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी का पैकेट उपहार में देने का वीडियो वायरल होने के बाद इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए उत्पादन बढ़ा दिया है।

- कंपनी का यह उत्पाद फिलहाल 100 से अधिक देशों में उपलब्ध

कंपनी के उपाध्यक्ष मयंक शाह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शाह ने इसे ब्रांड के इतिहास का सबसे बड़ा अभियान बताते हुए कहा कि अब कंपनी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 'स्वदेशी ब्रांड' को मिले समर्थन को आगे बढ़ाते हुए मेलोडी की वैश्विक मौजूदगी मजबूत करने का प्रयास करेगी। फिलहाल यह उत्पाद 100 देशों में उपलब्ध है।

## वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ती मांग के कारण उत्पादन बढ़ाना पड़ा

### अचानक मांग में उछाल देखने मिल रहा

उपभोक्ताओं और वितरकों की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /''वितरकों से शुरुआती प्रतिक्रिया मिली है कि मांग बढ़ी है। अचानक मांग में उछाल देखने को मिल रहा है।/'' उन्होंने कहा कि फटाफट सामान की आपूर्ति करने वाले ई-कॉमर्स मंचों पर मेलोडी की खरीदारी में तुरंत बढ़ोतरी देखी गई है।

### विदेशों से भी मांग बढ़ रही है

मेलोडी के उत्पादन में वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /''कल से हमने उत्पादन बढ़ा दिया है... विदेशों से भी मांग बढ़ रही है।/'' प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मेलोनी को मेलोडी उपहार में दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शाह ने कहा, /''यह पार्ले परिवार के लिए बेहद गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व नेताओं को मेलोडी उपहार में दे रहे हैं।/''







**कंपनी ने डिजिटल माध्यमों में प्रचार शुरू किया**

*शाह ने कहा कि कंपनी इस घटनाक्रम का लाभ उठाते हुए मेलोडी ब्रांड का और अधिक प्रचार करेगी। उन्होंने कहा, /''हमने कल से ही डिजिटल माध्यमों पर प्रचार शुरू कर दिया है और आगे विभिन्न मीडिया मंचों पर भी इसका प्रचार किया जाएगा।/*

***ई-कॉमर्स मंचों से भी भारी मांग आई*** *: ई-कॉमर्स मंचों से भी भारी मांग आई है और बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। शाह ने कहा कि फटाफट सामान की आपूर्ति करने वाले ई-कॉमर्स मंचों पर 'मेलोडी' शब्द की खोज में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह रुझान बुधवार सुबह से देखा जा रहा है।*

### पारले मेलोडी भारत में सबसे अधिक बिकने वाली टॉफी ब्रांड

शाह ने कहा, /''पारले मेलोडी भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाला टॉफी ब्रांड है और आज यह 100 से अधिक देशों में उपलब्ध है... प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काम कर दिया है, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस ब्रांड को वैश्विक स्तर पर और बड़ा बनाएं।/''उन्होंने कहा, /''भारतीय ब्रांड को यह पहचान और दृश्यता देने के लिए हम प्रधानमंत्री के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हैं।/''

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# गैर-पंजीकृत इकाइयों की संख्या नौ करोड़, रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार: सरकारी सर्वेक्षण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


देश में गैर-पंजीकृत प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़कर नौ करोड़ से अधिक हो गई है जबकि जनवरी-मार्च तिमाही में इन इकाइयों में रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ के पार पहुंच गया है। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह कहा गया। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बृहस्पतिवार को इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के लिए कृषि क्षेत्र से इतर गैर-पंजीकृत इकाइयों के अनुमान जारी किए। एनएसओ 2025 से गैर-पंजीकृत गैर-कृषि क्षेत्र के प्रमुख निष्कर्षों पर तिमाही बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है।

### नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान

जनवरी-मार्च, 2026 के लिए गैर-पंजीकृत क्षेत्र उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) का तिमाही संस्करण है। यह नियमित अंतराल पर प्रमुख अनुमान प्रदान करता है।

### उपयोगी आंकड़े उपलब्ध करा रही एनएसओ

सर्वेक्षण के अनुसार, गैर-पंजीकृत क्षेत्र के उद्यमों पर तिमाही बुलेटिन (क्यूबीयूएसई) की शुरुआत भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील क्षेत्रों में से एक पर नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं और अन्य पक्षों को समय पर और उपयोगी आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए एनएसओ के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।




### ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि अधिक

गैर-कृषि क्षेत्र में प्रतिष्ठानों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 16.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जनवरी-मार्च, 2026 के दौरान गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9.16 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 7.85 करोड़ थी। ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा, जिसमें 20.46 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

- गैर-कृषि क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में 16 .69 प्रतिशत की वृद्धि
- गैर-कृषि इकाइयों की अनुमानित संख्या बढ़कर 9 .16 करोड़ हो गई
- ग्रामीण क्षेत्र इस वृद्धि का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा

### पारिश्रमिक पर रखे गए श्रमिकों के हिस्से में गिरावट

आलोच्य तिमाही में गैर-पंजीकृत क्षेत्र में कार्यरत मालिकों का कार्यबल में सबसे बड़ा हिस्सा बना रहा। कुल कार्यबल में उनकी हिस्सेदारी 60.97 प्रतिशत रही जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 58.29 प्रतिशत थी। इसके उलट, पारिश्रमिक पर रखे गये श्रमिकों के हिस्से में मामूली गिरावट देखी गई। इसी अवधि में इनकी हिस्सेदारी घटकर 24.77 प्रतिशत आ गयी जो एक साल पहले इसी तिमाही में 26.86 प्रतिशत थी।

### गैर-कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ा

शहरी क्षेत्र में इसी अवधि के दौरान 12.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आलोच्य तिमाही में गैर-कृषि क्षेत्र में गैर-पंजीकृत इकाइयों में रोजगार 15.17 करोड़ तक पहुंच गया। यह पहली बार है जब रोजगार का आंकड़ा 15 करोड़ को पार कर गया। इस क्षेत्र में पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 15.51 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो विभिन्न क्षेत्रों में आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने में इसके बढ़ते महत्व को बताती है।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि देखी गई


*जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही में गैर-पंजीकृत सेवा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। प्रतिष्ठानों की संख्या और रोजगार में पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी वृद्धि हुई। प्रतिष्ठानों की संख्या में 24.82 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि में इस क्षेत्र में कार्यबल में 31.13 प्रतिशत की वृद्धि हुई।*

### स्थानीय सेवाओं की बढ़ती मांग

*असंगठित अर्थव्यवस्था के भीतर सेवा क्षेत्र का यह मजबूत विस्तार इस क्षेत्र में बढ़ती उद्यमिता, रोजगार के प्रमुख चालक के रूप में इसकी बढ़ती भूमिका और स्थानीय सेवाओं की बढ़ती मांग को दर्शाता है।*

# देश में बिजली की मांग ने चौथे दिन बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश में पारा चढ़ने के साथ बृहस्पतिवार को बिजली की अधिकतम मांग लगातार चौथे दिन रिकॉर्ड स्तर 270.82 गीगावाट तक पहुंच गई।

- लगातार मांग 270 .82 गीगावाट पर पहुंची
- बुधवार को मांग 265 .44 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर

विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 265.44 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर रही थी। इससे पहले विद्युत मंत्रालय ने इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान जताया था। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज (बृहस्पतिवार) लगातार चौथे दिन बिजली की अधिकतम मांग अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। दोपहर 3.45 बजे बिजली की अधिकतम मांग 270.82 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही। इस मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।'' मंत्रालय ने यह भी कहा कि देशभर में मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए घर और दफ्तर को ठंडा रखने के लिए कूलर, एसी के बढ़ते उपयोग से मांग में वृद्धि हुई है। बृहस्पतिवार की अधिकतम मांग को पूरा करने में तापीय ऊर्जा का योगदान सबसे अधिक 62.8 प्रतिशत रहा।

### एसी, कूलर के कारण बढ़ी मांग


विशेषज्ञों का कहना है कि पारा चढ़ने के साथ घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा एयर कंडीशनर, एयर कूलर और अन्य उपकरणों के अधिक उपयोग से बिजली की मांग बढ़ रही है। बढ़ते तापमान के कारण बिजली की मांग और खपत में और वृद्धि हो सकती है।

# सोना 600 रुपए मजबूत, चांदी में 5,000 रुपए का रहा उछाल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं और चांदी भी 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। भू-राजनीतिक तनाव के बीच कारोबारी कीमती धातुओं को लेकर सतर्क रूप से आशावादी बने रहे। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, लगातार तीसरे सत्र में बढ़त जारी रखते हुए, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 600 रुपये बढ़कर 1,65,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो बुधवार के बंद भाव 1,64,900 रुपये से अधिक है। इस कीमती धातु की कीमतों में पिछले तीन सत्रों में कुल 2,700 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताओं ने अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के बावजूद, इस धातु की खरीद को समर्थन दिया।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 135 अंक टूटा



**मुंबई।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को शुरुआती तेजी जाती रही और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 135 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में चार अंक की मामूली गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,945.79 अंक तक गया और नीचे में 74,996.78 अंक तक आया। यानी इसमें 949.01 अंक का उतार-चढ़ाव आया। निफ्टी 4.30 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 अंक पर बंद हुआ।

# कर्ज न चुकाने पर आपका मोबाइल ब्लॉक नहीं कर पाएंगे बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बकाया कर्ज की वसूली के दौरान सख्त और अनुचित तरीकों पर रोक लगाने के लिए नए नियम प्रस्तावित किए हैं। इसके तहत बैंक चूककर्ता उधारकर्ताओं के मोबाइल फोन की सेवाओं को बंद या सीमित नहीं कर सकेंगे। केंद्रीय बैंक ने जारी संशोधित मसौदा दिशानिर्देशों में कहा कि कोई भी बैंक कर्ज वसूली के लिए ऐसी प्रौद्योगिकी व्यवस्था का इस्तेमाल नहीं कर सकता, जिससे उधारकर्ता के मोबाइल फोन या टैबलेट की कार्यक्षमता बाधित हो। आरबीआई ने इस नियम के अपवाद के तौर पर कहा है कि यदि मोबाइल फोन को खुद बैंक द्वारा आवंटित कर्ज से ही खरीदा गया है, तो बैंक उसकी कुछ सुविधाओं को सीमित कर सकता है। इसके लिए भी शर्त यह है कि मोबाइल फोन का वह ऋण 90 दिन से अधिक समय तक बकाया हो और उधारकर्ता ने नोटिस के बावजूद भुगतान न किया हो।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |
| **Paramedical Course** | **Duration** |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech, Ortho tech | 1 Year |
| **Pharmacy Course** | **Duration** |
| D Pharmacy | 2 Years |
| B Pharmacy | 4 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 250 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु :
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201622400, 9201641200, 9201631200

**Appointment**
**आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.** (आरो-015)

**ड्रायवर**

**आवश्यकता है-** आशीर्वाद किराया भंडार में पंडाल काम हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है । जो गाड़ी लोड- अनलोड कर सके । वेतन 12000/- समय सुबह 9:00 से 8:30 बजे तक **पता- सुहागा मंदिर ब्राहमण पारा रायपुर संपर्क करें- मो. 9826182338.** (आरो-185)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** स्कूल बस चलाने हेतु रायपुर कोटा हीरापुर टाटीबंध से ड्राइवरों की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार लायसेंस हवी बैच अनुभवी को प्राथमिकता **जय महामाया ट्रेवल्स मो. 9926510520, 9685545594.** (आरो-184)

**ड्रायवर -** अनुभवी कार ड्राइवर की न्यूनतम 10वर्ष का अनुभव अनिवार्य समय 9बजे से 8.30 रविवार, 9 बजे से 3 बजे तक इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त **सम्पर्क करे 9981812999 केम्प-1 रोड नम्बर 18, सुभाष चौक भिलाई नोट शादीशुदा ही सम्पर्क करे.** (RO-021)

**आवश्यकता है-** कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। स्वयं **सम्पर्क करे, लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिंबर मार्केट पाटीदार भवन के पास फाफाडीह रायपुर** (RO-0109)

**आवश्यकता है-** तीन चक्का इलेक्ट्रिक माल वाहक ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है हेल्पर की रहने की सुविधा उपलब्ध है **पता- अशोक इंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 09 से 08 - 8770676924.** (RO-259)

**आवश्यकता है-** इंसुलेटेड कंटेनर परिवहन के लिए हमें वैध भारी वाहन लाइसेंस वाले कुशल और अनुभवी चालकों की लंबी दूरी तक वाहन चलाने की क्षमता, साफ ड्राइविंग रिकॉर्ड आकर्षक वेतन, शुरुआती 20000/- माह (अनुभव के आधार पर बातचीत योग्य), आवास और भोजन भत्ता! **संपर्कः- 9669410004, 9754861172.** (RO-022)

**आवश्यकता है-** घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्कः बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771 - 2425009.** (RO-536)

**टीचर**

**Wanted-** Shiv International School Kumhari: TEACHER REQUIREMENT We are hiring for the following positions: TGT (Trained Graduate Teacher) Mathematics, Social Science, Science, English and PRT (Primary Teachers) English, EVS, Salary and Qualifications: As per norms. Contact: Bajrang chowk purani basti kumhari Mob. No **8770999625.** (RO-536)

**Wanted-** Wanted Teachers for BAGBAHRA AND PITHORA BRANCH For Maths English and Computer.Experienced English Medium Qualified Candidate may call or send resume to **9425214413, 7772862917.** (RO-90)




**पैकिंग कार्य**

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग, चॉकलेट पैकिंग, कार्टून पैकिंग हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता वीडियो कॉलिंग से भी कार्य देख सकते हैं। रूम बिजली की सुविधा फ्री, **बंजारी मंदिर के पास, रावांभाटा, रायपुर, 7828735534.** (RO-080)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** बिग बास्केट रायपुर में एसोसिएट पद हेतु लडको की आवश्यकता है। मासिक वेतन 13056/- +4000 इंसेन्टीव+ पीएफ+ इ एस आइ सी 9 घंटे शिफ्ट उम्र 35 वर्ष शिक्षा 10वी पास **संपर्क 8319666100 पता शताब्दी नगर/मोवा** (RO-4129)

**अन्य**

**आवश्यकता है-** पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के-लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग करके (22500-64500) महीना कमाऐ, फन्ड+ बोनस- **9217961955. 8527765400.** (RO-061)

**Finance**
**फायनेंस**

**फाइनेंस-** ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 2% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, **संपर्क करें मोबाइल नंबरः- 8658393494.** (RO-023)

हरिभूमि

**For Rent**
**किराया**

**किराया से देना है-** भाटागांव हनुमान वाटिका में 4 रूम, 2 हॉल, 2 दुकान, 1 पोरच का 3 मंजिला बिल्डिंग किराया से देना है। **नोटः- ऑफीस, कोचिंग क्लासेस, स्कूल को प्राथमिकता संपर्क नं. - 9827990117, 9329104290, 9229637373.** (RO-188)

**किराए से देना है-** MIG-515, न्यू बोरसी एक्सटेंशन। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दुर्ग। दो मंजिला मकान, 3कमरे, 2हॉल,1 डाइनिंग रूम, किचन, 3 वॉशरूम, कार पार्किंग। सरकारी अधिकारियों /PSU/बैंक कर्मचारियों को प्राथमिकता **मो.- 7999042196.** (आरो 277)

**Property**
**प्रापर्टी**

**मकान बेचना है-** बिलासपुर मंगला हाउसिंग बोर्ड में गार्डन फेसिंग 2BHK मकान कीमत 25 लाख रुपए में अति शीघ्र बेचना है खरीददार **सम्पर्क करें- 7898855268 (कृपया ब्रोकर सम्पर्क ना करें)** (RO-40894)




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

**सोरायसिस एवं चमड़ी रोग**

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वर्ल्ड रिसर्च एण्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस. ओ. सर्टिफाइड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8




# इस देश में बच्चों से लेकर प्रधानमंत्री तक चलाते हैं साइकिल

नीदरलैंड्स की साइकिल संस्कृति की चर्चा अक्सर होती है। दुनिया में शायद ही कोई देश होगा, जहां पर लोग साइकिल को अहमियत देते हों। लेकिन, नीदरलैंड्स में बड़े नेता भी साइकिल चलाते दिखाई देते हैं। वहां के पूर्व प्रधानमंत्री मार्क रुटे को कई बार संसद तक साइकिल से जाते हुए देखा गया है। देश की राजधानी एम्स्टर्डम की साइकिल पहचान बन चुकी है। यहां पर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक साइकिल चलाते नजर आते हैं।

**एम्स्टर्डम।** वर्तमान में नीदरलैंड्स को साइकिलों का स्वर्ग कहा जाता है। कभी इस देश में कारों का दबदबा तेजी से बढ़ गया था। 1950 और 60 के दशक में आर्थिक विकास के साथ ही देश में गाड़ियों की संख्या बढ़ी तेजी से बढ़ी। सड़क से साइकिलें धीरे-धीरे गायब होने लगीं, लेकिन सड़क हादसों में तेजी से बढ़ोतरी हुई। साल 1971 में नीदरलैंड्स में सड़क हादसों में हजारों लोगों की जान चली गई, जिनमें बड़ी संख्या बच्चों की थी।



## वैश्विक तेल संकट ने सोच में लाया बदलाव

1973 के आए वैश्विक तेल संकट ने भी नीदरलैंड्स के लोगों की सोच को बदल दिया। उस दौरान तेल के दाम तेजी से बढ़ा और सरकार ने रविवार को कई सड़कों पर कारों के आने जाने पर रोक लगा दी। सड़कों पर लोग साइकिल चलाने लगे। इस दौरान लोगों ने देखा कि कम ट्रैफिक वाला शहर अधिक आरामदायक और सुरक्षित है। इसी दौरान नीदरलैंडस में साइकिल में फिर बढ़ावा मिला। अभी नीदरलैंड्स में हजारों किमी लंबे साइकिल ट्रैक बन हुए हैं। देश के कई शहरों में साइकिल अलग सिग्नल, पार्किंग और लेन बनाए गए हैं।

## हादसों के बाद लोगों ने चलाया अभियान

नीदरलैंड्स में हादसों के बाद लोगों की गुस्सा बढ़ गया। उन्होंने कारों के खिलाफ और सुरक्षित सड़कों के समर्थन में बड़े अभियान की शुरुआत कर दी। लोगों ने आंदोलन का नाम स्टॉप डी किंडरमोर्ड रखा, जिसका मतलब बच्चों की मौत रोको। सड़कों पर लोग साइकिल लेकर उतर गए। प्रदर्शनों को देखते हुए तत्कालीन सरकार ने कारों की स्पीड सीमित कर दी। इसके साथ ही नई डिजाइन वाली सड़कें बनाई गईं और साइकिल चालकों के लिए अलग रास्ते बनाए गए।

# ये है रेगिस्तान की 'बुलेट ट्रेन' बिना पटरी के रेत में है दौड़ती

**नई दिल्ली।** रेगिस्तान की गर्म रेत पर एक ऐसा पक्षी दौड़ता है जो देखने में बुलेट ट्रेन जैसा लगता है। इसका नाम है रोड रनर (ग्रेटर रोडरनर)। लोग इसे रेगिस्तान की 'बुलेट ट्रेन' कहते हैं, क्योंकि यह बिना किसी पटरी के रेत पर आश्चर्यजनक तेजी से भागता है।

चीन और जापान की हाई-स्पीड ट्रेनों ने तो दुनिया को हैरान किया है, लेकिन प्रकृति ने रेगिस्तान में अपना एक अनोखा 'स्पीडस्टर' पैदा किया है। रोड रनर मुख्य रूप से दक्षिण-पश्चिमी अमेरिका और मैक्सिको के रेगिस्तानी इलाकों में पाया जाता है। यह पक्षी उड़ने की बजाय जमीन पर दौड़ना ज्यादा पसंद करता है। अपनी स्पीड की वजह से इसकी तुलना बुलेट ट्रेन से की जाती है, लेकिन ऐसा सच नहीं है।




## दौड़ने में है माहिर

इस पक्षी की अधिकतम दौड़ने की स्पीड 20-26 मील प्रति घंटा (लगभग 32-42 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। यह उड़ने वाले पक्षियों में सबसे तेज दौड़ने वाले पक्षी के रूप में रिकॉर्ड है। छोटे-छोटे फटकनों में यह और भी तेज हो जाता है। इसकी सबसे खास बात यह है कि यह बेहतरीन शिकारी भी है। रोड रनर सांपों, छिपकलियों, कीड़ों, छोटे स्तनधारियों और यहां तक कि जहरीले रैटल स्नेक का भी शिकार कर लेता है।

## रेगिस्तान का बादशाह

वैज्ञानिकों के अनुसार रोड रनर रेगिस्तान की कठोर परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए पूरी तरह अनुकूलित है। यह कम पानी में भी रह सकता है और अपना अधिकांश पानी शिकार से प्राप्त करता है। दिन के समय गर्मी से बचने के लिए यह अपनी गतिविधियां सुबह-शाम करता है।



Ajay Advt.

# दुनिया का सबसे गरीब देश, जहां लोग खाते हैं मिट्टी से बनी रोटियां



**पोर्ट-औ-प्रिंस।** हम अक्सर प्लेट में खाना छोड़ देते हैं। कभी स्वाद पसंद नहीं आता, कभी भूख कम होती है और कभी बस आदत में शामिल हो चुका है खाना बर्बाद करना। लेकिन, दुनिया में कुछ ऐसी जगहें भी हैं, जहां लोगों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना किसी जंग से कम नहीं है। वहां लोग पेट भरने के लिए वो चीजें खाने को मजबूर हैं, जिनके बारे में हम कल्पना भी नहीं कर सकते। आज हम आपको एक ऐसे देश के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां गरीबी का आलम इतना भयानक है कि लोग मिट्टी से बनी रोटियां खाकर अपना पेट भरते हैं। यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन यह हकीकत है। दरअसल, हम जिस देश की बात कर रहे हैं उसका नाम हैती है। कैरेबियन सागर में स्थित यह देश दुनिया के सबसे गरीब देशों में गिना जाता है। यहां बड़ी संख्या में लोग गरीबी, भुखमरी, कुपोषण और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

## जब गेहूं नहीं मिला तो मिट्टी की रोटियां बन गई सहारा

हैती में हालात इतने खराब हैं कि कई गरीब परिवार गेहूं, चावल और दूसरी जरूरी खाद्य सामग्री खरीदने में सक्षम नहीं हैं। खाने की चीजों की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं और गरीब लोगों के लिए दो वक्त का भोजन जुटाना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में यहां के कुछ लोग मिट्टी से बनी रोटियां खाकर अपना पेट भरते हैं। इन रोटियों को वहां 'मड कुकीज' भी कहा जाता है। इन्हें देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि गरीबी इंसान को किस हद तक मजबूर कर सकती है।

**वैज्ञानिकों ने पाई बड़ी सफलता**

# फिर से लौट सकता है डायनासोर युग! 3डी अंडों से निकाले चूजे



**न्यूयार्क।** दुनिया भर के वैज्ञानिकों और जीवाश्म प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर आई है। अमेरिका की बायोटेक कंपनी कोलोसल बायोसाइंसेज ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। कंपनी के वैज्ञानिकों ने 3डी प्रिंटेड कृत्रिम अंडों से 26 स्वस्थ चूजे निकाले हैं। यह प्रयोग ना सिर्फ पक्षी विज्ञान, बल्कि डी-एक्सटिंक्शन (विलुप्त प्रजातियों को वापस लाने) की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कंपनी का लक्ष्य 12 फीट ऊंचे न्यूजीलैंड के विलुप्त विशाल पक्षी 'साउथ आइलैंड जायंट मोआ'को फिर से जिंदा करना है। मोआ डायनासोर युग के बाद का सबसे बड़ा उड़ान रहित पक्षी था। इसकी लंबाई 3 मीटर तक थी और वजन 250 किलोग्राम तक हो सकता था। अब 3D अंडों की इस नई तकनीक से मोआ जैसे विशाल पक्षियों के अंडों को इनक्यूबेट करने की राह आसान हो गई है।



डी प्रिंटेड अंडे में लैटिस संरचना (जालीदार) शेल है, जिसमें सिलिकॉन झिल्ली लगी हुई है। यह प्राकृतिक अंडे की तरह ऑक्सीजन का आदान-प्रदान करती है। कंपनी के अनुसार इन कृत्रिम अंडों में 26 चूजे पूरी तरह स्वस्थ पैदा हुए हैं। ये चूजे अब कंपनी की लैब में सामान्य रूप से घूम रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com